बुधवार, 15 जनवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 14 |
| आर्द्रता | 66% |
| सूर्योदय: 6:19 | सूर्यास्त: 17:13 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष द्वितीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं पूर्व सैनिक : सेना प्रमुख -पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : न जानना जरूरी है न बताना जरूरी है, रिश्तों को दिल से निभाना जरूरी है।

# महाकुम्भ : मकर संक्रांति पर 3.5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी





**महाकुम्भ नगर :** महाकुंभ के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर मंगलवार को 13 अखाड़ों के साधु संतों ने बारी-बारी अमृत स्नान किया। मेला प्रशासन के मुताबिक, मकर संक्रांति पर 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा, आस्था, समता और एकता के महासमागम महाकुंभ 2025 में पावन मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों और श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रथम स्नान पर्व के सकुशल संपन्न होने पर सनातन धर्म के आधार सभी पूज्य अखाड़ों, मेला प्रशासन, स्थानीय पुलिस व प्रशासन, स्वच्छता कर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों और धार्मिक संस्थाओं, नाविकों आदि को हृदय से साधुवाद और बधाई। महाकुंभ मेले के मुख्य आकर्षण अखाड़ों के अमृत स्नान में सबसे पहले सन्यासी अखाड़ों में श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी और श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के साधु संतों ने 'हर हर महादेव' के घोष के साथ संगम पर अमृत स्नान किया। अमृत स्नान के उपरांत महानिर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर चेतनगिरी जी महाराज ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हर 12 साल में पूर्ण कुंभ प्रयागराज में होता है और 12 पूर्ण कुंभ होने पर 144 साल बाद यह महाकुंभ आता है। बहुत भाग्यशाली लोगों को महाकुंभ में स्नान का अवसर मिलता है। महानिर्वाणी अखाड़े से 68 महामंडलेश्वर और हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। अमृत स्नान के अगले क्रम में तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया जिसमें सबसे आगे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी थे और उनके बाद अखाड़ा के झंडे और फिर आराध्य देवता कार्तिकेय स्वामी और सूर्य नारायण पालकी पर सवार थे। इनके पीछे नागा सन्यासियों की टोली थी और इन सभी के बीच निरंजनी के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि एक भव्य रथ पर सवार थे। अमृत स्नान के बाद निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रविंद्र पुरी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, निरंजनी के 35 महामंडलेश्वरों ने और हजारों की संख्या में नागा सन्यासियों ने अमृत स्नान किया। निरंजनी अखाड़े की साध्वी और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा, घाट पर युवाओं की भीड़ यह बताती है कि युवाओं में सनातन धर्म के प्रति कितनी आस्था है। जब भी किसी ने सनातन धर्म को चुनौती दी, युवा और संत समाज ने आगे आकर धर्म की रक्षा की। निरंजनी और आनंद अखाड़े के बाद जूना अखाड़े, आवाहन अखाड़े और पंचअग्नि अखाड़े के हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। जूना के साथ ही किन्नर अखाड़े के संतों ने भी गंगा में डुबकी लगाई। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि भव्य रथ पर सवार होकर स्नान घाट पर आए और उनके साथ हजारों की संख्या में नागा सन्यासी भी थे। सन्यासी अखाड़ों के बाद तीन बैरागी अखाड़ों- श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा, श्री पंच दिगम्बर अनी अखाड़ा और श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा ने बारी बारी से स्नान किया। इनके बाद उदासीन अखाड़ों- पंचायती नया उदासीन और पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े ने स्नान किया। सबसे आखिर में श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया। कड़ाके की ठंड और कोहरे के बावजूद प्रयागराज में हर दिशा से जनसैलाब सुबह से ही संगम की ओर जाता दिखाई दिया। आम श्रद्धालु स्नान के साथ ही संगम क्षेत्र में अखाड़ों के साधु संतों के भी दर्शन कर रहे हैं।

## मकर संक्रांति पर गंगा व सागर के संगम में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य डुबकी



- **मंत्री ने 14 दिन में 85 लाख श्रद्धालुओं के पुण्य स्नान का किया दावा**
- **अब तक 5 तीर्थयात्रियों की मौत, 7 लोगों को किया गया एयरलिफ्ट**

**सागर, समाज्ञा :** यूपी के प्रयागराज में महाकुंभ में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मंगलवार को जहां करोड़ों पुण्यार्थियों ने पुण्य स्नान किया तो वहीं बंगाल स्थित सागरद्वीप के गंगा व सागर के संगम में भी लाखों पुण्यार्थियों ने मोक्ष की कामना लिए पुण्य स्नान किया। इस दिन, शाम को गंगासागर में एक संवाददाता सम्मेलन में मंत्री अरुप विश्वास ने दावा किया कि एक जनवरी से 14 जनवरी यानी आजतक 85 लाख से ज्यादा लोग पुण्य स्नान कर चुके हैं। खबर के लिखे जाने तक उन्होंने पुण्य स्नान के जारी रहने का दावा किया। मेले में अब तक कुल 5 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। 24 घंटे में दो लोगों यानी छत्तीसगढ़ की निवासी हेमवती निषाद (55) व यूपी के निवासी राम प्रसाद गिरी (58) की मौत हुई। मेले में बीमार अब तक कुल 7 लोगों को हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर कोलकाता इलाज के लिए भेजा गया। इस दिन, मध्य प्रदेश के वर्षीय निवासी लखन सिंह (75 ) व झारखंड के निवासी रामयश दुबे (78) को भी एयर एंबुलेंस से हावड़ा लाया गया और वहां से उन्हें एमआर बांगुर अस्पताल भेज दिया गया। मंत्री अरुप विश्वास के अनुसार, 1 जनवरी से 14 जनवरी तक 85 लाख श्रद्धालु गंगासागर आ चुके हैं। राज्य मंत्री अरूप बिस्वास ने बताया कि 142 सामाजिक सेवा संगठनों के 10 हजार से अधिक सामाजिक कार्यकर्ता गंगासागर में तीर्थ यात्रियों की मदद के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। उन्होंने एक बार फिर 'ई-परिचय', 'ई-अनुसंधान' और 'बंधन' सहित कई परियोजनाओं सेवा का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए 13 हजार से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। मेले में दिन-रात सुरक्षा के लिए 44 निगरानी टावर, 18 अपराध-दमन गश्ती दल, 50 पैदल गश्ती दल, 18 गुमशुदा व्यक्ति दस्ते, 2 खोजी कुत्ते, 28 नदी गश्ती दल और 23 समन्वय दल अपने काम में लगे रहें। पुलिस ने अब तक मेले में लापता हुए 4,660 लोगों में से 4,660 को ढूंढ निकाला है। उन्हें उनके परिवारों के पास भी पहुंचा दिया गया है। मेले में 'ई-परिचय' नामक एक क्यूआर कोड भी प्रदान किया गया है।

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

महाकुंभः विदेशी श्रद्धालुओं ने भी किया 'जय श्रीराम' और 'बम बम भोले' का उद्धघोष (पृष्ठ 6)

## मालदह में दिन दहाड़े फिर शूटआउट, एक तृणमूल कर्मी की मौत व दो घायल



**मालदह :** तृणमूल कांग्रेस के नेता दुलाल सरकार की हत्या के 12 दिन बाद, मालदह के कालियाचक में फिर से गोलीबारी की घटना सामने आई है। इस बार, तृणमूल के अंचल अध्यक्ष बकुल शेख को निशाना बनाने की कोशिश की गई। घटना में एक तृणमूल कार्यकर्ता हसन शेख की मौत हो गई, जबकि बकुल शेख सहित कई लोग घायल हुए हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार की सुबह कालियाचक के नया बस्ती इलाके में नाली और सड़क उद्घाटन कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान बकुल शेख वहां मौजूद थे। अचानक कुछ अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोली चला दी। बकुल शेख, हसन शेख और तृणमूल कार्यकर्ता एसारुद्दीन शेख गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को तुरंत मालदह मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वहीं, इलाज के दौरान हसन की मौत हो गई, जबकि बाकी दोनों चिकित्साधीन हैं। फिलहाल, गोलीबारी के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। बकुल शेख ने स्थानीय तृणमूल नेता जाकिर पर इस हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कार्यक्रम के दौरान जाकिर और उसके साथियों ने बाधा उत्पन्न की, जिसके बाद हमलावरों ने बाइक से आकर गोली चला दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ने और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में तृणमूल के अंदरूनी गुटबाजी के कारण इस हमले की आशंका जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि गत दो जनवरी को तृणमूल नेता दुलाल (बाबला) की हत्या कर दी गई थी। घटना के सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि हमलावरों ने उनकी फैक्ट्री के पास उन्हें गोलियों से भून दिया। इस मामले में तृणमूल नेता नरेंद्रनाथ तिवारी को गिरफ्तार किया गया, जिन्हें बाद में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।

## सरकार ने सीआईएसएफ के लिए दो नई बटालियनों को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने हवाई अड्डों और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों जैसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के लिए 2,000 से अधिक कर्मियों वाली दो नई बटालियनों को मंजूरी दी है। नई बटालियन के गठन के साथ ही बल के कर्मियों की संख्या लगभग 2 लाख कर्मियों तक पहुंच जाएगी। सीआईएसएफ के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने दो नई बटालियनों के निर्माण को मंजूरी देकर सीआईएसएफ के महत्वपूर्ण विस्तार को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, यह निर्णय, हाल ही में स्वीकृत महिला बटालियन के साथ मिलकर बल की क्षमता में वृद्धि करेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगा और 2,000 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को मंजूरी मिल गई है। पिछले साल के अंत में बल के लिए एक महिला बटालियन को मंजूरी दी गई थी। बल के पास वर्तमान में 12 रिजर्व बटालियन हैं, जिनमें से प्रत्येक में 1,025 कर्मी हैं। प्रवक्ता ने कहा कि नई बटालियन आंतरिक सुरक्षा से संबंधित तत्काल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों का एक पूल बनाकर सीआईएसएफ की बढ़ती मांगों को पूरा करने में भी महत्वपूर्ण होंगी।

## भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की जरूरत: प्रधानमंत्री मोदी ने वैज्ञानिकों से कहा



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वैज्ञानिकों से भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया और कहा कि मौसम विज्ञान में हुई प्रगति ने देश को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने में मदद की है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने देश को प्रत्येक मौसम और जलवायु का सामना करने के लिए 'स्मार्ट राष्ट्र' बनाने के मकसद से 'मिशन मौसम' की शुरुआत की। मोदी ने कहा कि हर तरह की जलवायु का सामना करने के लिए भारत एक 'स्मार्ट राष्ट्र' बने, इसके लिए हमने 'मिशन मौसम' शुरू किया है। उन्होंने कहा, ''मिशन मौसम टिकाऊ भविष्य और भविष्य की तैयारियों को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।''


## रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरा, 17 पैसे बढ़कर 86.53 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर गया और कारोबार के अंत में 17 पैसे की बढ़त के साथ 86.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। डॉलर के अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आने की वजह से रुपये में यह तेजी देखी गई। वृहद आर्थिक आंकड़े जारी होने के बाद घरेलू शेयर बाजारों में कुछ सुधार से भी भारतीय मुद्रा को समर्थन मिला। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों तथा विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी की वजह से रुपये का लाभ सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.57 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 86.45 प्रति डॉलर के उच्चस्तर को छूने के बाद अंत में 86.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की बढ़त है। रुपये में सोमवार को एक सत्र में करीब दो साल की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी और यह 66 पैसे के नुकसान के साथ 86.70 प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। रुपया 30 दिसंबर को 85.52 के स्तर पर बंद होने के बाद से पिछले दो सप्ताह में एक रुपये से अधिक की बड़ी गिरावट देख चुका है। रुपया पहली बार 19 दिसंबर, 2024 को 85 प्रति डॉलर के पार गया था। मिराए एसेट शेयरखान के अनुसंधान विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि घरेलू बाजारों में मामूली बढ़त और कमजोर अमेरिकी डॉलर के कारण रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर गया।

## एक और भारतीय की मौत के बाद भारत ने रूस से रूसी सेना में कार्यरत सभी भारतीयों को मुक्त करने को कहा

**नयी दिल्ली :** भारत ने मंगलवार को रूस पर दबाव डाला कि वह रूसी सेना में भर्ती सभी भारतीयों को मुक्त करे। रूस-यूक्रेन संघर्ष क्षेत्र में एक और भारतीय नागरिक की मौत के बाद मृतकों की संख्या 10 हो गई है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि रूस के यूक्रेन के साथ जारी संघर्ष में रूसी सेना द्वारा भर्ती किया गया केरल निवासी एक भारतीय नागरिक मारा गया है तथा एक अन्य घायल हो गया है। घायल भारतीय का मॉस्को के एक अस्पताल में इलाज जारी है। जायसवाल ने कहा कि इस मामले को मॉस्को में रूसी अधिकारियों के साथ-साथ नयी दिल्ली स्थित रूसी दूतावास के समक्ष भी उठाया गया है। उन्होंने कहा, भारत ने रूस से रूसी सेना द्वारा भर्ती किए गए भारतीय नागरिकों को शीघ्र मुक्त करने की अपनी मांग दोहराई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष जुलाई में मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता के दौरान रूसी सेना में कार्यरत भारतीय नागरिकों की शीघ्र रिहाई का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया था। त्रिशूर के रहने वाले बिनिल टीबी की मौत की खबर सोमवार को उनके एक रिश्तेदार ने सार्वजनिक की। विदेश मंत्रालय ने उनकी मृत्यु की परिस्थितियों के बारे में हालांकि जानकारी नहीं दी, लेकिन बताया जाता है कि उनकी मृत्यु यूक्रेन में संघर्ष के अग्रिम मोर्चे पर हुई। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में रूसी सेना में सेवा करते हुए नौ भारतीयों की मौत हो गई।

## पीओके भारत के माथे का मुकुट मणि है: राजनाथ सिंह



**अखनूर (जम्मू-कश्मीर) :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बिना जम्मू-कश्मीर ''अधूरा'' है। उन्होंने इस्लामाबाद को अपने आतंकवादी ढांचों को नष्ट करने या गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा, ''जम्मू-कश्मीर में स्थिति काफी बदल गई है और इस सच्चाई को स्वीकार किया जाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। पीओके भारत के माथे का मुकुट मणि है।'' सिंह यहां अखनूर सेक्टर के टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में नौवीं सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि अनुच्छेद 370 के हटने से क्षेत्र में बदलाव की शुरुआत हुई है। भारत के रुख की पुष्टि करते हुए सिंह ने कहा, ''पाकिस्तान के लिए, पीओके विदेशी क्षेत्र से ज्यादा कुछ नहीं है'' और जम्मू-कश्मीर के लोगों की आकांक्षाएं कभी भी पाकिस्तान की आकांक्षाओं से मेल नहीं खाती हैं। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में क्षेत्र के कई मुस्लिम निवासियों द्वारा दिए गए बलिदान का हवाला दिया और इस बात पर प्रकाश डाला कि पाकिस्तान द्वारा पीओके की जमीन का इस्तेमाल आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों के लिए किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पीओके की जमीन का इस्तेमाल 'आतंकवाद का कारोबार' चलाने के लिए किया जा रहा है और भारत सीमा के निकट बनाये गये 'लॉन्च पैड' से अच्छी तरह अवगत है। सिंह ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, ''...पाकिस्तान को इनको (आतंकी शिविरों को) खत्म करना ही होगा।'' रक्षा मंत्री ने पीओके के तथाकथित प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक की हाल की टिप्पणियों की भी निंदा की जिन्होंने पाकिस्तान के भारत विरोधी एजेंडे को जारी रखने की वकालत की थी। उन्होंने कहा कि पीओके के लोग सम्मानजनक जीवन से वंचित हैं और पाकिस्तान के शासकों ने अपने भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए धर्म के नाम पर उनका शोषण किया है। आतंकवाद को समर्थन देने संबंधी अपनी नीति को छोड़ने में पाकिस्तान की विफलता को लेकर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा, पाकिस्तान ने हमेशा भारत को अस्थिर करने का हर संभव प्रयास किया है।



## डिजिटल तकनीक से लैंस पहला महाकुंभ

प्रयागराज के संगम पर आयोजित होने वाला दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम आज मकर संक्रांति पर पहले शाही स्नान से परवान चढ़ेगा। विराट आस्था का प्रतीक यह महापर्व सदियों से पूरी दुनिया के लिये कौतुक का विषय रहा है। ह्वेनसांग से लेकर दुनिया के चोटी के पत्रकारों ने आस्था के इस सैलाब को अवर्णनीय बताया है। पूरी दुनिया हैरत में रहती है कि कैसे बिना चिट्ठी-तार के करोड़ों लोग महाकुंभ में जुटते हैं। संतों के अखाड़े और श्रद्धालुओं का सैलाब महाकुंभ को विशिष्ट बनाता है। देश के कोने-कोने से जुटे कल्पवासी गंगा,जमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर मोक्ष की आकांक्षा से जुटते हैं। अनुमान है कि इस बार 40 से 45 करोड़ लोग डेढ़ माह तक चलने वाले महाकुंभ में जुटेंगे। यूं तो पूर्णकुंभ व अर्धकुंभ का आयोजन होता है लेकिन महाकुंभ का आयोजन सिर्फ प्रयागराज में ही आयोजित होता है, जिसके लिये उ.प्र. सरकार ने इस बार सात हजार करोड़ रुपये का बजट रखा है। सही मायनों में ये शासन की प्रशासन क्षमता की भी परीक्षा है कि कैसे 25 सेक्टरों में बंटे इस आयोजन को विघ्न-बाधाओं से मुक्त बनाया जाता है। राजयोग स्नान को शाही स्नान कहा जाता है। पहला शाही स्नान आज मकर संक्रांति को, दूसरा 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और तीसरा शाही स्नान तीन फरवरी को बसंत पंचमी को आयोजित होगा। 14वीं से 16वीं सदी के बीच आम लोगों व संतों के बीच टकराव टालने के लिये शाही स्नान की परंपरा शुरू हुई थी। कालांतर संतों व अखाड़ों को विशिष्ट सम्मान देने के लिये हाथी, घोड़ों व रथों पर पेशवाई निकाली जानी शुरू हुई, जिसे शाही स्नान की संज्ञा दी गई। सोमवार से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलने वाले इस महाकुंभ स्थल पर हर तरफ तंबुओं में बसा एक शहर नजर आ रहा है। जिसकी आबादी दुनिया के कई देशों से अधिक होगी। आस्था के इस संगम पर उत्तर प्रदेश सरकार की प्रशासन क्षमता की भी अगले कुछ सप्ताहों में परीक्षा होने वाली है।

यूं तो महाकुंभ के सुचारू संचालन के लिये चप्पे-चप्पे पर बैरिकेडिंग है, सुरक्षा बलों का जमावड़ा है, वज्रवाहन, ड्रोन, बम निरोधक दस्तों के साथ ही एनएसजी के सदस्य मौजूद हैं। लेकिन पहली बार महाकुंभ की सबसे बड़ी खासियत इसका डिजिटल तकनीक से संचालन है। इसीलिए इस महाकुंभ को डिजिटल महाकुंभ भी कहा जा रहा है। जिसके लिये महाकुंभ मेला ऐप, एआई चैटबॉट और क्यूआर कोड का सहारा लिया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। नई तकनीक के माध्यम से खोये लोगों को तलाशने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बारह भाषाओं वाला महाकुंभ मेला ऐप उपलब्ध कराया है। यह ऐप यात्रियों को अपनी योजना को बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद करेगा। जिसमें टेंट सिटी की जानकारी, गूगल नेविगेशन, पर्यटकों की मार्गदर्शिका, आपातकालीन सेवाओं की जानकारी श्रद्धालुओं को दी जा सकेगी। इसमें रोज के अपडेट्स भी शामिल होंगे। उम्मीद है कि इस बार बनाये गए दस डिजिटल खोया-पाया केंद्र बिछुड़ने वालों को परिवार से मिलाने में मददगार होंगे। जिसकी जानकारी मेला क्षेत्र के कोने-कोने मे लगी एलसीडी पर उपलब्ध रहेगी। साथ ही इस कार्य में सोशल मीडिया में फोटो व वीडियो डालकर भी मदद की जाएगी। वहीं यात्रियों की मदद के लिये कई तरह के क्यूआर कोड बनाए गए हैं। जिसमें हरे रंग के क्यूआर कोड के जरिये पुलिस,प्रशासन व अन्य आपातकालीन सेवाओं के सभी नंबरों को पाया जा सकेगा। इतना ही नहीं, मेला क्षेत्र में मैपिंग के लिये उत्तर प्रदेश सरकार ने गूगल से भी समझौता किया है। जिससे श्रद्धालु विभिन्न घाटों व मंदिरों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। जिसमें सैकड़ों एआई संचालित कैमरे खासे मददगार होंगे। वहीं दूसरी ओर मेले क्षेत्र की निगरानी में एआई तकनीक की मदद ली जा रही है। सुरक्षा के लिये एंटी ड्रोन तकनीक का भी उपयोग होगा। इस दौरान तेरह हजार विशेष ट्रेनों के संचालन और सात हजार बसों के जरिये श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम बनायी जा रही है। उम्मीद है महाकुंभ का आयोजन निर्विघ्न संपन्न हो सकेगा।

# सहकारिता: एक सतत और समावेशी वैश्विक भविष्य की कुंजी



**मुरलीधर मोहोल**
**केन्द्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री**

हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (खउ-) का वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024, सौ से अधिक देशों से आए वैश्विक नेताओं की एक सभा मात्र न होकर कहीं अधिक मायने रखता है; यह एक सतत एवं न्यायसंगत भविष्य को आकार देने में सहकारी समितियों के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 (खधउ 2025) का शुभारंभ किया, जो एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है जिसका मूल उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (डऊॠ) को आगे बढ़ाने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यानाकर्षित कराना है। यह वर्ष वैश्विक, आर्थिक और सामाजिक विमर्श का वह महत्वपूर्ण अध्याय बन रहा है, जहाँ सहकारी समितियों को न केवल स्थानीय विकास के साधन बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भी पहचान दी जा रही है।

**सहकारी मॉडल: आस्तित्व में समुदायिक पर वैश्विक बदलाव के लिए तैयार**

सहकारी मॉडल के मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली अवधारणा निहित है - परस्पर लाभ के लिए एक साथ काम करते लोग। सहकारिता सामूहिक स्वामित्व, साझा जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक निर्णय लेने पर जोर देती है। इन सिद्धांतों ने दुनिया भर में कृषि, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सेवाओं से लेकर ऊर्जा उत्पादन तक उल्लेखनीय सफलताएँ दिलाई हैं।

भारत में, सहकारी समितियाँ ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। उदाहरण के लिए, अमूल ने न केवल भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना दिया है, बल्कि सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता और समृद्धि का प्रतीक भी बन गया है। अमूल जैसी डेयरियां उन सभी महिलाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नेतृत्व वाले विकास का समर्थन करती हैं, जो महिलाएं व्यावसायिक दूध उत्पादक के लिए ऐसी समितियों से जुड़ी हुई हैं। अपने सहकारी मॉडल के माध्यम से ये सहकारी समितियाँ नेतृत्व की भूमिकाएँ, कौशल विकास और वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका और मजबूत होती है।

**सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने में भारत का नेतृत्व**

भारत ने लंबे समय से आर्थिक परिवर्तन और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में सहकारी समितियों के मूल्य को पहचाना है। नई दिल्ली में आयोजित खउ- वैश्विक सहकारी सम्मेलन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उपस्थिति ने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के शुभारंभ के दौरान उनके संबोधन ने एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहकारिता की भूमिका को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के भाषण ने हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने की सहकारी क्षेत्र की क्षमता पर भी प्रकाश डाला, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ सहकारी समितियाँ, कृषि और डेयरी फार्मिंग जैसे क्षेत्रों की रीढ़ बनी हुई हैं। श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने सहकारी क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सरकार द्वारा सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए लिए जा रहे कदम इस मान्यता को उजागर करते है कि सहकारी समितियाँ केवल अतीत की निशानी नहीं हैं, बल्कि समकालीन आर्थिक और सामाजिक विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

**सहकार से समृद्धि का विजन: भारत के सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन ने देश के सहकारी परिदृश्य को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके कुशल दिशानिर्देशों में, भारत एक आधुनिक सहकारी ढांचे की ओर बढ़ रहा है जो डिजिटल अर्थव्यवस्था की मांगों के अनुरूप है। सहकारी समितियों की पहुँच और प्रभावशीलता का विस्तार करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की प्रधानमंत्री और सहकारिता मंत्री की सोच तेजी से डिजिटल होती दुनिया में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। सहकारी समितियों का भविष्य, बदलते समय के साथ इनके विकसित होने, और दक्षता में सुधार के लिए आधुनिक उपकरणों को समाहित करने की उनकी क्षमता में निहित है।

**वैश्विक एजेंडा: सहकारिता और सतत विकास लक्ष्य**

विश्व जब आर्थिक असमानता, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक अशांति से जूझ रहा है, तो सहकारिता, विकास के लिए एक वैकल्पिक मॉडल पेश करती है जोकि समावेशी, लोकतांत्रिक और लचीला है। सहकारी मॉडल का जोर एकजुटता, आपसी सहयोग और लोकतांत्रिक भागीदारी पर है, जो इसे प्रमुख वैश्विक समस्याओं को संबोधित करने के लिए अद्वितीय बनाता है। सहकारी समितियां वित्तीय लाभ से अधिक लोगों की प्राथमिकताओं पर जोर देती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आर्थिक गतिविधियों के लाभ और व्यापक रूप से वितरित हो सके, जिससे वंचित सशक्त बनें और सामाजिक अंतर को कम करने में मदद मिले। सहकारिता आंदोलन को सतत विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर भारत ने खुद को सतत और समावेशी विकास के लिए वैश्विक अधिवक्ता के रूप में स्थापित किया है। संक्षेप में, सहकारिता एक समावेशी और टिकाऊ वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में एक अहम भूमिका निभाती है।

**आगे की राह: एक सहकारी भविष्य**

सहकारिता केवल एक आर्थिक उपकरण नहीं हैं - वह सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने का एक शक्तिशाली साधन है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में 'सहकार से समृद्धि' के विजन से ही 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश को एक बेहतर भविष्य दिया जा सकता है । एक ऐसी दुनिया बनाई जा सकती है जहाँ विकास को साझा किया जाता है, जहां असमानताएँ न्यून होती हैं और जहां समुदाय सहकार से सशक्त होकर जनमानस समृद्ध होते हैं।

# शक्ति, साहस और समर्पण की प्रतीक है भारतीय सेना



**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 15 जनवरी को भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष हम 77वां सेना दिवस मना रहे हैं। सेना दिवस के अवसर पर पूरा देश थलसेना के अदम्य साहस, जांबाज सैनिकों की वीरता, शौर्य और उसकी शहादत को याद करता है। इस विशेष अवसर पर जवानों के दस्ते और अलग-अलग रेजीमेंट की परेड के अलावा झांकियां भी निकाली जाती हैं और उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी दी जाती है, जिन्होंने देश और लोगों की सलामती के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। 15 जनवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का विशेष कारण यही है कि 1899 में कर्नाटक के कुर्ग में जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा आज ही के दिन वर्ष 1949 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने थे। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश जनरल फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली थी। जनरल फ्रांसिस बुचर भारत के आखिरी ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ थे।1953 में वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए और 94 वर्ष की आयु में 1993 में उनका निधन हुआ। केएम करियप्पा दूसरे ऐसे सेना अधिकारी थे, जिन्हें फील्ड मार्शल की उपाधि दी गई थी।

भारतीय थल सेना का गठन ईस्ट इंडिया कम्पनी की सैन्य टुकड़ी के रूप में कोलकाता में 1776 में हुआ था, जो बाद में ब्रिटिश भारतीय सेना बनी और देश की आजादी के बाद इसे 'भारतीय थल सेना' नाम दिया गया। भारतीय सेना की 53 छावनियां और 9 आर्मी बेस हैं और चीन तथा अमेरिका के साथ भारतीय सेना दुनिया की तीन सबसे बड़ी सेनाओं में शामिल है। हमारी सेना संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ी योगदानकर्ताओं में से एक है। यह दुनिया की कुछेक ऐसी सेनाओं में से एक है, जिसने कभी भी अपनी ओर से युद्ध की शुरूआत नहीं की। भारतीय सेना के ध्वज का बैकग्राउंड लाल रंग का है, ऊपर बायीं ओर तिरंगा झंडा, दायीं ओर भारत का राष्ट्रीय चिह्न और तलवार हैं। सेना दिवस के अवसर पर सेना प्रमुख को सलामी दी जाती रही है लेकिन 2020 में पहली बार सेना प्रमुख के स्थान पर देश के प्रथम सीडीएस बने जनरल बिपिन रावत को सलामी दी गई थी।

देश की आजादी के बाद भारतीय सेना पांच बड़े युद्ध लड़ चुकी है, जिनमें चार पाकिस्तान के खिलाफ और एक चीन के साथ लड़ा था। देश की आजादी के बाद 1947-48 में हुए भारत-पाक युद्ध को 'कश्मीर युद्ध' नाम से भी जाना जाता है, जिसके बाद कश्मीर का भारत में विलय हुआ था। 1962 में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा धोखे से थाग-ला-रिज पर भारतीय सेना पर हमला बोल दिया गया था। उस जमाने में भातीय सेना के पास स्वचालित और आधुनिक हथियार नहीं होते थे, इसलिए चीन को रणनीतिक बढ़त मिली थी। 1965 के भारत-पाक युद्ध के बाद 1971 में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। 13 दिनों तक चले उस युद्ध के बाद ही पाकिस्तान के टुकड़े कर बांग्लादेश का जन्म हुआ और पाकिस्तानी जनरल नियाजी के साथ 90 हजार पाक सैनिकों ने जांबाज भारतीय सेना के समक्ष हथियार डाल दिए थे। मई से जुलाई 1999 तक चले कारगिल युद्ध में तो भारतीय सेना ने पाकिस्तान को छठी का दूध याद दिला दिया था।

**77वें सेना दिवस (15 जनवरी) पर विशेष**

आज पूरी दुनिया भारतीय सेना का लोहा मानती है। आधुनिक हथियारों और प्रौद्योगिकी के साथ भारतीय सेना एक विश्वस्तरीय सेना है। सेना दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर चीन द्वारा वर्तमान में लगातार पेश की जा रही चुनौतियों के दौर में भारतीय सेना की निरन्तर बढ़ती ताकत का उल्लेख करना बेहद जरूरी है। 2024 की 'ग्लोबल फायरपावर रिपोर्ट' के अनुसार भारतीय सेना की गिनती दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेनाओं में की जाती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय थल सेना के जखीरे में कई तरह के आधुनिक हथियार शामिल हैं, जिनमें आधुनिक टैंकों के साथ बैलिस्टिक मिसाइलें भी हैं। भारत की थल सेना के पास करीब 4614 टैंक हैं। इसके अलावा भारतीय सेना के जखीरे में 100882 आर्म्ड व्हीकल भी शामिल हैं। थल सेना के पास 100 सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलिरी, 3300 हल्की आर्टिलिरी भी हैं तथा थल सेना के बेड़े में करीब 1500 रॉकेट आर्टिलरी भी शामिल हैं।

भारतीय सैन्यबल में 14.44 लाख सक्रिय सैन्यकर्मी हैं, जो दुनिया में दूसरे नंबर पर है। सेना में 12 लाख से ज्यादा आरक्षित बल तथा बीस लाख अर्धसैनिक बल हैं। भारतीय थलसेना में 4600 से ज्यादा टैंक टी-72, टी-90, अर्जुन एमके-1, अर्जुन एमके-2 इत्यादि टैंक, 5 हजार से ज्यादा तोपें, 290 स्वचालित तोपें, 290 से ज्यादा रॉकेट तोपें तथा 8600 बख्तरबंद वाहन शमिल हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय थलसेना हर परिस्थिति में चीनी सेना से बेहतर और अनुभवी है, जिसके पास युद्ध का बड़ा अनुभव है, जो कि विश्व में शायद ही किसी अन्य देश के पास हो। भले ही चीन के पास भारत से ज्यादा बड़ी सेना और सैन्य साजो-सामान है लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में दुनिया में किसी के लिए भी इस तथ्य को नजरअंदाज करना संभव नहीं हो सकता कि भारत की सेना को अब धरती पर दुनिया की सबसे खतरनाक सेना माना जाता है और सेना के विभिन्न अंगों के पास ऐसे-ऐसे खतरनाक हथियार हैं, जो चीनी सेना के पास भी नहीं हैं। धरती पर लड़ी जाने वाली लड़ाईयों के लिए भारतीय सेना की गिनती दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में होती है और कहा जाता है कि अगर किसी सेना में अंग्रेज अधिकारी, अमेरिकी हथियार और भारतीय सैनिक हों तो उस सेना को युद्ध के मैदान में हराना असंभव होगा।

जापान के एक आकलन के मुताबिक भारतीय थलसेना चीन के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। इस रिपोर्ट के अनुसार हिन्द महासागर के मध्य में होने के कारण भारत की रणनीतिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है और दक्षिण एशिया में अब भारत का काफी प्रभाव है। अमेरिकी न्यूज वेबसाइट सीएनएन की एक रिपोर्ट में भी दावा किया गया है कि भारत की ताकत पहले के मुकाबले बहुत ज्यादा बढ़ गई है और युद्ध की स्थिति में भारत का पलड़ा भारी रह सकता है। बोस्टन में हार्वर्ड केनेडी स्कूल के बेलफर सेंटर फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल अफेयर्स तथा वाशिंगटन के एक अमेरिकी सुरक्षा केन्द्र के अध्ययन में कहा जा चुका है कि भारतीय सेना उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में लड़ाई के मामले में माहिर है और चीनी सेना इसके आसपास भी नहीं फटकती।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार तथा सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं)

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 जनवरी, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ कृष्णपक्ष द्वितीया, 27:25 तक, नक्षत्र : पुष्य, 10:27 तक, योग : प्रीति, 25:48 तक, सूर्योदय: 6:19, सूर्यास्त: 17:13 चन्द्रोदय : 18:37, चन्द्रास्त: 07:26, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 11:46 से 13:06

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों के लिए लाभ का दिन है और कार्यक्षेत्र में आपकी अनुकूलता बनी रहेगी। आपको कार्यक्षेत्र में हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगी और आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी।

**वृष :** वृष राशि के लोगों को कोई भी काम बिना सोचे नहीं करना चाहिए। जमीन जायदाद के मामले में किसी विवाद में आपकी हानि हो सकती है। भौतिक सुख के साधनों की वृद्धि होगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को सफलता प्राप्त होगी और आपके धन में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी। ऋण भार में कमी होगी।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और कारोबार में आपके लिए तरक्की के संयोग बन रहे हैं। आपकी भौतिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी और आपके लिए रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का दिन सफलता से भरा होगा। महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए दिन शुभफलदायक रहेगा। यात्रा में लाभ होगी और दोपहर के बाद किसी से विवाद हो सकता है।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके जीवन में चल रहे विवादों का अंत होगा। आपके खर्चे कम हो जाने से आपकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होने से आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ सकता है। नौकरी वाले जातकों के अधिकारों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और किसी महान अधिकारी से आपकी भेंट और वार्ता हो सकती है। आपको खाने को उत्तम प्रकार के व्यंजन मिलेंगे।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और शुभ कार्य में आ रही सभी बाधाएं दूर होंगी। नवीन व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी जो आगे चलकर धन लाभ कराएंगी।

**मकर :** मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और आपके पराक्रम में वृद्धि के योग हैं। अपनी वाक्पटुता और कला कौशल से आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और शत्रुओं का अंत होगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन भाग्य की दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कोई निर्णय भावुकता में लेने से बचना होगा। संतान आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती है।

## विदेश की खबरें

### विदेश मंत्री जयशंकर ने स्पेन की रक्षा मंत्री के साथ 'सार्थक' वार्ता की

**मैड्रिड :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को स्पेन की रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स के साथ दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के साथ क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी 'सार्थक' चर्चा की। जयशंकर दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को स्पेन पहुंचे। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मैड्रिड में रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स के साथ सार्थक चर्चा हुई।' उन्होंने कहा, 'रक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा हुई।' इससे पहले, जयशंकर ने 'स्पेन-इंडिया काउंसिल फाउंडेशन' द्वारा आयोजित एक सत्र में भाग लिया,



जहां उनके साथ स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस भी शामिल हुए। 'बदलती दुनिया के लिए रणनीतिक गठबंधन: 21वीं सदी में स्पेन और भारत' विषय पर आयोजित सत्र में उन्होंने भारत-स्पेन सहयोग को 'उथल-पुथल वाली दुनिया' में 'प्रासंगिक' बताया। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक अलग पोस्ट में कहा, 'भारत-स्पेन सहयोग उथल-पुथल वाले विश्व में प्रासंगिक है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा तथा प्रतिभाओं का प्रशिक्षण और गतिशीलता सुनिश्चित करेगा।' उन्होंने कहा, 'स्पेन यूरोपीय संघ, भूमध्य सागर और लातिन अमेरिका के साथ हमारे संबंधों को गहरा करने के लिए भी एक साझेदार है। हमारी सरकारों, व्यवसायों और संस्थानों को इस क्षमता को साकार करने और भारत-स्पेन संबंधों के अगले चरण की तैयारी के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।'

### भारत समर्थित श्रीलंका की विशिष्ट पहचान पत्र परियोजना जनवरी के अंत तक शुरू होगी

**कोलंबो :** श्रीलंका की भारत समर्थित विशिष्ट पहचान पत्र (यूनिक आईडी कार्ड) परियोजना जनवरी के अंत तक शुरू हो जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने इस चिंता का भी निवारण कर दिया कि इस परियोजना का डेटा केवल द्वीपीय राष्ट्र तक ही सीमित रहेगा। यूनिक डिजिटल पहचान परियोजना, श्रीलंका के डिजिटलीकरण कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसे भारतीय अनुदान सहायता से कार्यान्वित किया जा रहा है।

### ट्रंप के खिलाफ जांच करने वाले विशेष अधिवक्ता ने कहा: मेरी टीम कानून के शासन के लिए खड़ी रही

**वाशिंगटन :** विशेष अधिवक्ता जैक स्मिथ ने अपनी एक नई रिपोर्ट में कहा है कि 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनावों को पलटने के डोनाल्ड ट्रंप के प्रयासों की जांच करने वाली उनकी टीम ने 'कानून के शासन' की हिफाजत की। उन्होंने मंगलवार को जारी एक बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट में लिखा कि वह आपराधिक आरोप लगाने के अपने निर्णय पर पूरी तरह से अडिग हैं। उनका मानना है कि यदि मतदाता ट्रंप को व्हाइट हाउस में वापस नहीं भेजते तो उन्हें (निश्चित तौर पर) दोषी ठहराया जा सकता था। रिपोर्ट में कहा गया, ट्रंप के सभी आपराधिक प्रयासों का सार धोखा था- जानबूझकर चुनाव धोखाधड़ी के झूठे दावे- और सबूतों से पता चलता है कि ट्रंप ने इन झूठों का इस्तेमाल संघीय सरकार के कामकाज को बाधित करने के लिए एक हथियार के रूप में किया। इस रिपोर्ट में सत्ता में बने रहने के ट्रंप के प्रयासों के बारे में उनकी टीम के निष्कर्ष हैं। आगामी 20 जनवरी को ट्रंप के व्हाइट हाउस में वापसी से महज कुछ दिन पहले जारी रिपोर्ट में 2020 में सत्ता में बने रहने के लिए ट्रंप द्वारा किए गए नाकाम प्रयासों को रेखांकित किया गया है। ट्रंप उस चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन से हार गये थे।

## वर्ग पहेली नं. 2976



➲ *बायें से दायें:-* 1) अकड़बाज़; सीनाजोर; हेकड़ीबाज़, 3) कुश्तीबाज़, 7) निशाचर, 8) मुखस्राव, 9) मुसलमानी धर्मसूत्र, 11) ग्रीवा, 14) लिहाफ, 16) परतंत्र, 17) अविभक्त; संपूर्ण, 18) उष्णता, 19) महानता; महत्ता, 21) प्राकृतिक जलाशय, 22) खानेपीने का संयम, 24) पीछे छोड़ा चिन्ह, 26) उलटी, 28) रामायण प्रदर्शन, 29) असहाय.


➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) आग भड़कना, 2) कहा-सुनी; चख़चख़; हीलहुज्जत, 3) एक संख्या, 4) प्रत्येक; शिव, 5) कर्ता; मालिक, 6) कोमलता, 10) साठवाँ, 12) ध्वनि, 13) *डैसिमल* (अंकगणित), 15) षड्यंत्र, 16) जमदग्नि ऋषि का पराक्रमी पुत्र, 17) निपटारा; उपसंहार, 20) अभिमान, 23) गणेश, 24) दारू, 25) कूचा, 27) मस्तक.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नु | रू | प | ■ | मा | मू | ली | ■ | ह |
| नु | ■ | ■ | सा | मा | न्य | ■ | ची | प | ड़ |
| मो | ह | क | ■ | प | ता | का | ■ | ■ | ता |
| द | ■ | व | ज़ | न | ■ | य | ■ | ब | ल |
| न | रा | च | ■ | ■ | च | म | क | ना | ■ |
| ■ | ष्ट्री | ■ | का | बु | ल | ■ | स | ना | ह |
| आ | य | व्य | य | ■ | ती | त | र | ■ | रि |
| रं | ■ | स | र | सों | ■ | स्क | ■ | मा | या |
| भ | ज | न | ■ | ठ | गो | री | ■ | दा | ना |

## सुडोकू-पहेली-2936



**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2935 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 9 | 3 | 1 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 |







## मुख्यमंत्री ममता व अभिषेक बनर्जी ने मकर संक्रांति पर दी शुभकामनाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** मकर संक्रांति और पौष पर्व जैसे त्योहार राज्य की संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा हैं। शीतकाल के इस खास मौके पर हर घर में पिट्ठा-पायेस की मिठास बिखरती है, जो बंगाली जीवनशैली का प्रतीक है। इसी पवित्र दिन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने फेसबुक पोस्ट में मकर संक्रांति का जश्न मनाते हुए मिट्टी की थालियों में सजे पाटिसप्त, पायेस, सिद्दू पिट्ठा और तले हुए पिट्ठे की तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा कि पौष पर्व पर हर बंगाली परिवार में पिट्ठा बनाना अनिवार्य परंपरा है। उनके संदेश में बंगाल की संस्कृति और त्योहारों का सुंदर वर्णन दिखा। अभिषेक बनर्जी ने भी अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए राज्यवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि सूर्य की सुनहरी किरणें सभी को गरिमा और समृद्धि प्रदान करें। पिट्ठा, पाटिसप्त और नोलन गुड़ की मिठास से घर-आंगन महक उठे। यह दिन एकता और भाईचारे का प्रतीक बने। इस अवसर पर उन्होंने नई फसल का भी जिक्र करते हुए सभी के जीवन में खुशहाली और सौहार्द की कामना की।

# सुकांत मजूमदार ने मुख्यमंत्री के केंद्रीय सहायता से वंचित करने के आरोपों का दिया जवाब

❑ **केंद्रीय मंत्री ने गंगासागर में किया पुण्य स्नान**

**सागर, समाज्ञा :** मकर संक्रांति के अवसर पर गंगासागर में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ उमड़ी, जो मोक्ष की प्राप्ति की आशा में पवित्र स्नान कर रहे हैं। इसी बीच, प्रयागराज में महाकुंभ मेला भी एक बार फिर श्रद्धालुओं से भरा हुआ है और आंकड़ों के अनुसार, अब तक दो करोड़ से ज्यादा लोग कुंभ स्नान कर चुके हैं। लेकिन इस बार गंगासागर मेला और कुंभ मेला के बीच राजनीतिक मुकाबला छिड़ गया है। केंद्रीय सरकार ने कुंभ मेला को राष्ट्रीय मेला का दर्जा दे दिया है, लेकिन गंगासागर मेला को वह दर्जा नहीं मिल पाया है, जिससे राज्य और केंद्र के बीच फिर से विवाद शुरू हो गया है। इस मुद्दे पर पश्चिम बंगाल



की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गंगासागर मेला को राष्ट्रीय मेला घोषित करने की मांग की थी और केंद्र सरकार द्वारा इस मेले के प्रति किए गए कथित बर्ताव को लेकर उन्होंने बेजलाने का आरोप लगाया था। मकर संक्रांति के दिन गंगासागर में स्नान करने पहुंचे भाजपा राज्य अध्यक्ष और बालुरघाट के सांसद सुकांत मजूमदार ने मुख्यमंत्री के आरोपों का पलटवार किया। इस दौरान उन्होंने कापिल मुनि के मंदिर में पूजा अर्चना की और मंदिर कमेटी से मुलाकात की।

सुकांत ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो आरोप लगाए हैं, वह पूरी तरह गलत हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर गंगासागर को राष्ट्रीय मेला घोषित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय मेला घोषित करने के लिए एक प्रक्रिया और संरचना की आवश्यकता होती है, जो केंद्र सरकार से बातचीत के द्वारा संभव होती है। सुकांत ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार या तृणमूल कांग्रेस ने कभी इस मुद्दे पर केंद्रीय सरकार से संवाद नहीं किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जो बयान दे रही हैं, वह केवल यह संदेश देने के लिए हैं कि केंद्र सरकार गंगासागर मेला को राष्ट्रीय मेला घोषित नहीं कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि मुख्यमंत्री चाहें तो वे प्रधानमंत्री से मुलाकात के लिए केंद्रीय मंत्रियों से संपर्क कर सकती हैं।

# गंगासागर के तट पर श्रद्धालुओं ने जप-तप, दान पुण्य, तर्पण व गोदान

**सागर, समाज्ञा :** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गंगासागर में लाखों की संख्या में पुण्यार्थियों ने गंगा व सागर के संगम में मोक्ष की डुबकी लगाई और अपने जीवन को धन्य समझा। बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड व उत्तर प्रदेश से गोदान कराने सैकड़ों पंडित गंगासागर पहुंच कर गोदान करवा रहे हैं और तीर्थयात्रियों से दक्षिणा लेते देखे गए। मान्यता है कि गंगासागर में मकर संक्रांति पर पुण्य स्नान के बाद गोदान करने से मृत्यु के बाद वैतरणी आसानी से पार हो जाती है।

गंगासागर में गोदान करवा रहें पुरोहितों ने बताया कि गंगा सागर को महातीर्थ का दर्जा प्राप्त है। ऐसे में देश के विभिन्न भागों से आये



पुण्यार्थियों को यहां संगम क्षेत्र में जप-तप, दान पुण्य, तर्पण व गोदान कर रहे है। मान्यता है कि इस शुभ दिन पर स्नान करने से 100 अश्वमेध यज्ञ करने के बराबर पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: डब्ल्यू_एलएलएच_17_2024-25, दिनांक: 06.01.2025।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/विद्युत, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए तकनीकी क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** लिलुआ वर्कशॉप - सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, लिलुआ में विभिन्न शेड पर ऊर्जा बचतकारी बीएलडीसी एयर सर्कुलेटर पंखों का प्रावधान सहित आवश्यक सम्बद्ध कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 95,48,715.05। **बयाना राशि:** ₹ 1,91,000। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 28.01.2025 को दोपहर 2.00 बजे। **वेबसाइट जहाँ निविदा का सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in।**

(MISC-303/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पंचायत अधिकारियों की निगरानी में होगा 'बांग्लार बाड़ी' योजना के घरों का निर्माण


**कोलकाता, समाज्ञा**

'बांग्लार बाड़ी' योजना के तहत घर निर्माण कार्य की प्रगति पर अब पंचायत अधिकारी खुद नजर रखेंगे। अधिकारी समय-समय पर अपने क्षेत्रों का दौरा कर यह सुनिश्चित करेंगे कि लाभार्थियों के घर निर्माण कार्य सही ढंग से चल रहा है या नहीं। इसके बाद प्रगति की रिपोर्ट बीडीओ (ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर) के पास जमा होगी। इस योजना के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) पहले ही सभी जिलाधिकारियों को भेजा जा चुका है, जिसके अनुसार बीडीओ कार्य को लागू कर रहे हैं। त्रिस्तरीय पंचायत सदस्यों को भी जिम्मेदारी दी गई है कि वे लाभार्थियों के घर निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या का पता लगाएं। इस बात की निगरानी की जाएगी कि जिन्हें धनराशि मिली है, वे घर बना रहे हैं या नहीं। राज्य सरकार ने अब तक 12 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में 60 हजार की राशि स्थानांतरित कर दी है, ताकि वे घर निर्माण शुरू कर सकें। हालांकि, इतने बड़े स्तर पर 12 लाख घरों के निर्माण कार्य की निगरानी आसान काम नहीं है। ब्लॉक प्रशासन के पास इतने संसाधन नहीं हैं कि वह अकेले इस काम को पूरा कर सके। इसी कारण ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के सदस्यों को इस प्रक्रिया में शामिल किया गया है। नवान्न के सूत्रों के अनुसार, इस प्रकार की परियोजनाओं की निगरानी के लिए प्रशासनिक फंड का प्रावधान किया जाता है। हालांकि, केंद्र सरकार द्वारा बांग्ला को प्रधानमंत्री आवास योजना के फंड से वंचित करने की वजह से राज्य सरकार को इन कार्यों में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद, 'बांग्लार बाड़ी' योजना के तहत घर निर्माण को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार और पंचायत अधिकारी मिलकर काम कर रहे हैं।

निश्चलानंद सरस्वती का घुसपैठियों और आतंकवादियों पर ममता को नसीहत, कहा...

# जैसे केंद्र ने पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों को पकड़कर घसीटा, वही यहां भी होना चाहिए

**सागर, समाज्ञा :** गंगासागर मेले में देशभर से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा है। इस पवित्र अवसर पर पुरी के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती भी पहुंचे। उन्होंने मकर संक्रांति पर पत्रकारों से बातचीत की और राज्य में आतंकवादियों व अवैध घुसपैठियों की सक्रियता को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कड़ी नसीहत दी। राज्य में अवैध बांग्लादेशियों और आतंकियों की गिरफ्तारी पर



उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को ध्यान देना चाहिए। जैसे केंद्र सरकार ने पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों को पकड़कर घसीटा, वही यहां भी होना चाहिए। अगर वो देशभक्त नहीं हुईं, तो शासन कब तक कर सकेंगी? उन्होंने आगे कहा कि मिलीभगत से नहीं, बल्कि कठोरता से हिंदुओं के अस्तित्व का मार्ग प्रशस्त करें। सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन इतिहास हमेशा अमर रहता है। किसी वर्ग को रिझाने के लिए सनातन सिद्धांतों की हत्या और हिंदुओं पर हमले कराना अनुचित है।

प्रयागराज में 2025 में चल रहे महाकुंभ को लेकर जब उनसे भ्रष्टाचार पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरा पद सर्वोच्च न्याय का है। मेरा मानना है कि संविधान ऐसा होना चाहिए जिसे यमराज भी स्वीकार करें। उन्होंने बताया कि कोविड से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर साल मुझसे दो-तीन बार मिलने आते थे। मैं प्रयागराज जाऊंगा, अगर कोई समस्या सामने आएगी, तो सोच-समझकर कदम उठाऊंगा। बिना सोचे-समझे कुछ भी कहना उचित नहीं है।

❑ **पारसनाथ तीर्थस्थान पर केंद्र सरकार को चेतावनी**

झारखंड में स्थित पारसनाथ तीर्थ को पर्यटन केंद्र घोषित करने पर जैन समाज के विरोध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह तीर्थ और तपोस्थली है। इसे पर्यटन स्थल बनाकर भोग की जगह नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि जैन संतों ने इस फैसले के खिलाफ अनशन किया, दो संतों की मृत्यु भी हो गई। आखिरकार, केंद्र सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ा और पर्यटन केंद्र का दर्जा खत्म करना पड़ा। लेकिन वहां के व्यापारी अब भी चाहते हैं कि यह पर्यटन केंद्र बने। ऐसा विकास नहीं होना चाहिए जिससे तीर्थस्थल ही खत्म हो जाए।

# गंगासागर मेले की भीड़ में साध्वी राजेश्वरी का आईएएस बनने का अदम्य सपना



**कोलकाता :** गंगासागर मेले में जहां लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना में डुबकी लगा रहे हैं, वहीं नागा साधु महादेव भारती के अखाड़े में एक अनोखी कहानी देखने को मिली। उनकी 20 वर्षीय दत्तक पुत्री और साध्वी राजेश्वरी भारती का सपना है प्रशासनिक सेवा में जाना। हिमाचल प्रदेश से आए महादेव भारती ने लगभग 20 साल पहले मुंबई के घाटकोपर क्षेत्र में एक साल की अबोध बच्ची को कूड़े के ढेर से उठाया था। इस बच्ची को उन्होंने अपने आश्रम में लाकर नाम दिया राजेश्वरी और उसका पालन-पोषण किया। वर्तनाम में राजेश्वरी इतिहास में ऑनर्स कर रही हैं और आईएएस परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। बचपन में एक गंभीर दुर्घटना के बाद उन्हें लंबे समय तक अस्पताल में रहना पड़ा। महादेव भारती ने उन्हें अपनी देखरेख में स्वस्थ किया। वर्तमान में राजेश्वरी मुंबई में रहते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही हैं।

राजेश्वरी का कहना है कि वह साध्वी के रूप में रहते हुए प्रशासनिक ढांचे में शामिल होकर देश की सेवा करना चाहती हैं। वह बताती हैं कि उनके जीवन में महादेव भारती का योगदान अभूतपूर्व है। गुरुदेव ने मुझे नई जिंदगी दी है, और मैं उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहूंगी। महादेव भारती ने राजेश्वरी के लिए प्रार्थना करने की अपील करते हुए कहा, हम चाहते हैं कि वह अपने सपने को पूरा करे और दूसरों के लिए प्रेरणा बने। गंगासागर मेले में नागा साधुओं का अखाड़ा हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहा है। ऐसे में राजेश्वरी की कहानी ने लोगों को गहराई से प्रेरित किया है। उनकी मेहनत और साहस एक नई उम्मीद की झलक देती है।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जनरल), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंज़िल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के सम्बन्ध में निम्नलिखित ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1182-2024-25, दिनांक : 09.01.2025। कार्य का विवरण:** बीआरएसएच एवं मेट्रो बिल्डिंग की विभिन्न इकाइयों में अत्यंत पुराने एसी प्लांट की बदली तथा वीआरएफ एसी सिस्टम का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,89,21,281। **बयाना राशि:** ₹ 3,94,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **पूरा करने की अवधि:** 20 महीना। **निविदा प्रकाशन की तारीख:** 09.01.2025। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 30.01.2025 को दोपहर 2.00 बजे। **निविदा बोली खुलने की तारीख एवं समय:** 30.01.2025 को दोपहर 2.00 बजे के बाद। **निविदा बोली शुरू होने की तारीख:** 16.01.2025। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

(SDAH-316/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बाघाजतिन में झुकी बहुमंजिली इमारत, लोगों में दहशत

## इमारत को तोड़ने का काम शुरु, नियमों के अनुसार नहीं हुआ था अपार्टमेंट का निर्माण

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के बाघाजतिन इलाके में मंगलवार को एक चार मंजिला अपार्टमेंट इमारत पूरी तरह झुक गई। पुलिस के अनुसार, इस समय उक्त इमारत में कोई निवासी नहीं रहता था, इसलिए एक बड़ा हादसा टल गया। घटना में किसी के घायल या इमारत में फंसे होने की खबर नहीं है। हालांकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि इमारत क्यों झुकी। घटना की सूचना मिलते ही आपदा प्रतिक्रिया दल और कोलकाता नगर निगम के आवास विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। जादवपुर के स्थानीय विधायक देवव्रत मजूमदार और स्थानीय पार्षद तथा मेयर परिषद सदस्य मिताली बनर्जी भी पहुंचे। प्रारंभिक तौर पर पता चला है कि शुभ अपार्टमेंट नामक उक्त बिल्डिंग के प्रत्येक तल पर दो फ्लैट हैं। चूंकि, फ्लैट एक तरफ झुक रहा था, इसलिए प्रमोटर ने 17 दिसंबर को



रखरखाव का काम शुरू कर दिया था। इसीलिए इमारत को पहले ही खाली करा लिया गया था और घटना के समय वहां कोई निवासी नहीं था। कुछ स्थानीय लोगों का दावा है कि इमारत में पहले ही दरारें आ चुकी थीं। इसलिए नगर निगम के अधिकारियों ने उस इमारत को खाली करा दिया था। हालांकि, बताया जा रहा है कि कथित तौर पर, उसके बाद भी कई लोग उस इमारत में रहते रहे। स्थानीय लोगों का दावा है कि अपार्टमेंट का निर्माण नियमों के अनुसार नहीं किया गया था। घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप है। कोलकाता निगम ने उस क्षेत्र में तीन मंजिला फ्लैटों के निर्माण की अनुमति दी थी। कथित तौर पर, उस नियम का उल्लंघन करके चार मंजिला अपार्टमेंट का निर्माण करने का आरोप है। शाम से पहले ही उक्त चार मंजिला अपार्टमेंट इमारत को गिराने का काम भी शुरू हो गया था। निगम कर्मचारियों ने चौथी मंजिल के अपार्टमेंट की खिड़की तोड़ दी और अंदर घुसे। आपदा प्रतिक्रिया बल, नगरपालिका, पुलिस और अग्निशमन अधिकारी भी घटनास्थल पर हैं। उनकी देखरेख में ध्वस्तीकरण का काम चल रहा था।

## आगामी विधानसभा चुनाव से पहले एक करोड़ लड़कियों को 'कन्याश्री' प्रदान करने का लक्ष्य



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'कन्याश्री' योजना का विस्तार करते हुए इस साल के अंत तक एक करोड़ लाभार्थियों को शामिल करने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अधिकारियों को यह लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। तृणमूल कांग्रेस 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले इन जनकल्याण योजनाओं को अपने मजबूत हथियार के रूप में देख रही है। वर्तमान में, यह योजना 89 लाख लड़कियों को लाभान्वित कर रही है, जिस पर राज्य सरकार ने अब तक 15 हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इस साल 11 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने की योजना है। हाल ही में, स्टूडेंट वीक के दौरान, ममता ने इस लक्ष्य पर जोर देते हुए अधिकारियों को तेजी से कार्य करने को कहा। 2026 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए ममता बनर्जी कन्याश्री, लक्खी भंडार और बांग्लार बाड़ी जैसी योजनाओं को अपने प्रमुख हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहती हैं। उनकी इन योजनाओं ने हमेशा वोटरों को आकर्षित किया है और कई राज्यों ने इनसे प्रेरित होकर अपनी योजनाएं शुरू की हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/528, दिनांक: 13.01.2025।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या: एसडीएसटीई/टीईएलई/टी/22/24-25/आरआरएसके। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** निश्चिंदपुर स्टेशन पर नयी इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम द्वारा वर्तमान पैनल इंटरलॉकिंग सिस्टम की बदली के सम्बन्ध में दूरसंचार कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 60,22,626.30। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **जमा की जानेवाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 1,20,500। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 24.01.2025। **निविदा जमा बंद होने की तारीख:** 07.02.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 07.02.2025 को दोपहर 2.30 बजे। **विवरण जहाँ उपलब्ध है: www.ireps.gov.in। तकनीकी पात्रता की शर्तें:** निविदादाता को जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गई है उसके ठीक पहले वाले महीने की अंतिम तारीख को समाप्त विगत 07 (सात) वर्षों के दौरान कार्य (यों) की निम्नलिखित श्रेणियों में से कोई भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया हुआ होना अथवा काफी हद तक पूरा किया हुआ होना चाहिए: (i) समरूप प्रकृति के तीन कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 30% की राशि के समान हो अथवा (ii) समरूप प्रकृति के दो कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 40% की राशि के समान हो अथवा (iii) समरूप प्रकृति का एक कार्य, जिसकी कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 60% की राशि के समान हो। **वित्तीय पात्रता की शर्तें:** निविदादाता के पास वी/एन अथवा 'वी', जो भी कम हो, का न्यूनतम औसतन वार्षिक ठेकागत कारोबार अवश्य होना चाहिए; जहाँ वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन = कार्य संपादन हेतु निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना लेखा-परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार विगत तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकागत भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, पिछले वर्ष का तुलन पत्र अभी तक तैयार/लेखा-परीक्षित ना होने के मामले में, औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जायेगा। निविदादाता को लेखा-परीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथोचित समर्थित सनदी लेखापाल से प्राप्त प्रमाणपत्र/सनदी लेखापाल द्वारा यथोचित प्रमाणित लेखा-परीक्षित तुलन पत्र की प्रतियों के साथ जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इंस्टेंट निविदा दस्तावेज की प्रपत्र-6) के अनुसार आवश्यक जानकारियां अवश्य जमा करनी होंगी। **जमा किये जाने वाले अन्य दस्तावेज:** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार। **समरूप प्रकृति का कार्य:** एसडीएच और/या पीडीएच उपकरण (एसटीएम-1/एसटीएम-4/एसटीएम-16, एमयूएक्स आदि) की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत सम्मिलित किसी भी कार्य पर इस निविदा कार्य हेतु समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विचार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार पात्रता की शर्तों को पूरा करने के उनके/उसके दावे के समर्थन में दस्तावेज अवश्य जमा करना होगा। निविदादाता द्वारा जमा किये जाने वाले अनुशंसा पत्र के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रतियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-अभिप्रमाणन/डिजीटल रूप से हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए। स्व-सत्यापन में शामिल हैं हस्ताक्षर, मुहर एवं तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर)।

(SDAH-320/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/529, दिनांक: 13.01.2025।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या: एसडीएसटीई/सिग/टी/42/24-25/आरआरएसके। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** निश्चिंदपुर स्टेशन पर नयी इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम द्वारा वर्तमान पैनल इंटरलॉकिंग सिस्टम की बदली। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,75,61,970.15। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **जमा की जानेवाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 3,37,800। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 24.01.2025। **निविदा जमा बंद होने की तारीख:** 07.02.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 07.02.2025 को दोपहर 2.30 बजे। **विवरण जहाँ उपलब्ध है: www.ireps.gov.in। तकनीकी पात्रता की शर्तें:** निविदादाता को जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गई है उसके ठीक पहले वाले महीने की अंतिम तारीख को समाप्त विगत 07 (सात) वर्षों के दौरान कार्य (यों) की निम्नलिखित श्रेणियों में से कोई भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया हुआ होना अथवा काफी हद तक पूरा किया हुआ होना चाहिए: (i) समरूप प्रकृति के तीन कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 30% की राशि के समान हो अथवा (ii) समरूप प्रकृति के दो कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 40% की राशि के समान हो अथवा (iii) समरूप प्रकृति का एक कार्य, जिसकी कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 60% की राशि के समान हो। **वित्तीय पात्रता की शर्तें:** निविदादाता के पास वी/एन अथवा 'वी', जो भी कम हो, का न्यूनतम औसतन वार्षिक ठेकागत कारोबार अवश्य होना चाहिए; जहाँ वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन = कार्य संपादन हेतु निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना लेखा-परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार विगत तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकागत भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, पिछले वर्ष का तुलन पत्र अभी तक तैयार/लेखा-परीक्षित ना होने के मामले में, औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जायेगा। निविदादाता को लेखा-परीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथोचित समर्थित सनदी लेखापाल से प्राप्त प्रमाणपत्र/सनदी लेखापाल द्वारा यथोचित प्रमाणित लेखा-परीक्षित तुलन पत्र की प्रतियों के साथ जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इंस्टेंट निविदा दस्तावेज की प्रपत्र-6) के अनुसार आवश्यक जानकारियां अवश्य जमा करनी होंगी। **जमा किये जाने वाले अन्य दस्तावेज:** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार। **समरूप प्रकृति का कार्य:** इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य [इंडोर या (इंडोर + आउटडोर)] और/या पैनल इंटरलॉकिंग कार्य [इंडोर या (इंडोर + आउटडोर)] और/या रूट रिले इंटरलॉकिंग कार्य [इंडोर या (इंडोर + आउटडोर)] के किसी भी कार्य पर इस निविदा कार्य हेतु समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विचार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार पात्रता की शर्तों को पूरा करने के उनके/उसके दावे के समर्थन में दस्तावेज अवश्य जमा करना होगा। निविदादाता द्वारा जमा किये जाने वाले अनुशंसा पत्र के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रतियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-अभिप्रमाणन/डिजीटल रूप से हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए। स्व-सत्यापन में शामिल हैं हस्ताक्षर, मुहर एवं तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर)।

(SDAH-321/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# उच्च माध्यमिक के कंप्यूटर सिलेबस में फिर बदलाव, शिक्षा परिषद ने की बड़ी घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** उच्च माध्यमिक स्तर पर पिछले शैक्षिक वर्ष से एआई और डेटा साइंस जैसे विषयों को शामिल किया गया था। इसके साथ ही कंप्यूटर साइंस और कंप्यूटर एप्लिकेशन के पाठ्यक्रम में भी बदलाव किए गए थे, ताकि ये अधिक आधुनिक और प्रासंगिक हो सकें। अब, उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इन दोनों विषयों को और भी सरल बनाने के लिए फिर से पाठ्यक्रम में बदलाव करने का निर्णय लिया है। उच्च



माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष चिरंजीब भट्टाचार्य ने इस संबंध में कहा, आज के युग में हर किसी के लिए कंप्यूटर से संबंधित ज्ञान होना जरूरी है। इसलिए कंप्यूटर एप्लिकेशन को आधुनिक और शिक्षामूलक बनाने के लिए पाठ्यक्रम में संशोधन किया गया है। 2023-24 शैक्षिक वर्ष में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा विज्ञान जैसे विषयों को जोड़ा गया था, तो कंप्यूटर साइंस और कंप्यूटर एप्लिकेशन के पाठ्यक्रम में भी समकालीन बदलाव किए गए थे। पहले जिन कंप्यूटर विषयों का उपयोग कम था, जैसे डिस्क ऑपरेटिंग सिस्टम (डॉस) और अन्य एप्लिकेशन, उन्हें पाठ्यक्रम से हटाया गया और वर्तमान के प्रचलित कंप्यूटर विषयों को शामिल किया गया। हालांकि, इस बदलाव के कारण कंप्यूटर एप्लिकेशन का पाठ्यक्रम कुछ जटिल और कठिन हो गया था, जिससे कला और वाणिज्य शाखा के छात्रों को परेशानी हो रही थी। छात्रों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम में और सरलता लाने के प्रयास किए गए हैं।

# शिक्षक भर्ती घोटाले में कोर्ट के बंद कमरे में अहम गवाह का बयान दर्ज

**संपूर्ण सुनवाई अदालत के बंद कमरे में कैमरे की मौजूदगी में हुई**

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी के मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और अन्य आरोपितों के खिलाफ मंगलवार को मुकदमा शुरू हुआ। संपूर्ण सुनवाई बैंकशाल कोर्ट में सीबीआई की विशेष अदालत के बंद कमरे में कैमरे की मौजूदगी में हुई। इस दिन, अहम गवाह का बयान दर्ज किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में महत्वपूर्ण गवाहों के बयान एकत्र करने का आदेश दिया है। ईडी को अदालत ने महत्वपूर्ण गवाहों के नामों की सूची उपलब्ध कराने को कहा



गया था। ईडी ने प्रारंभिक तौर पर तीन महत्वपूर्ण गवाहों के नाम अदालत को सौंपे हैं। इस कड़ी में, सूची के पहले महत्वपूर्ण गवाह का बयान लिया गया।

चूंकि, मुकदमा बंद कमरे में चला, इसलिए यह खुलासा नहीं किया गया है कि किन तीन लोगों को मुख्य गवाह बनाया गया है। इस दिन, जो गवाह गवाही देने आए थे वह एक निजी कंपनी में काम करते थे। पार्थ ने कंपनी का निदेशक बनाने के लिए, उनसे कुछ नाम मांगे थे। ईडी सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान गवाह ने केंद्रीय जांच एजेंसी को इस बारे में जानकारी दी थी। ईडी के मामले में आरोपितों की सूची में 53 नाम हैं। इनमें से 28 व्यक्तियों और 25 प्रतिष्ठानों को आरोपपत्र में आरोपित बनाया गया है।

## न्यू टाउन थाना के आईसी को किया गया 'क्लोज', पुलिस की निष्क्रियता पर हाई कोर्ट की कड़ी कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यू टाउन थाना के ओसी को पुलिस की निष्क्रियता के आरोप में हाई कोर्ट के आदेश पर 'क्लोज' कर दिया गया है। कोर्ट में राज्य सरकार ने इस मामले की रिपोर्ट पेश की, जिसमें बताया गया कि ओसी के खिलाफ विभागीय कदम उठाए गए हैं। साथ ही पुलिस ने आरोपी की जमानत खारिज करने के लिए भी आ-वेदन किया है। यह रिपोर्ट मंगलवार को जस्टिस तीर्थंकर घोष के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिस पर अदालत संतुष्ट दिखाई दी। अदालत ने कहा, न्यू टाउन और रजापुर क्षेत्र महत्वपूर्ण हैं, जहां बाहरी निवेशक आते हैं, यदि इन क्षेत्रों में पुलिस प्रशिक्षित नहीं है तो यह समाज के लिए बुरी बात है। जस्टिस घोष ने पुलिस के प्रशिक्षण को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए यह भी कहा, अगर पुलिस सशक्त और प्रशिक्षित नहीं होगी तो यह पूरे सिस्टम पर नकारात्मक असर डालेगा।

## आमंत्रण के बावजूद महाकुंभ मेले में नहीं जाएंगे विधानसभा अध्यक्ष

❑ **यूपी विधानसभा के अध्यक्ष ने बंगाल विस अध्यक्ष को महाकुंभ में किया है आमंत्रित**

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) बिमान बनर्जी को प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेले में आने का निमंत्रण दिया है। हालांकि, बिमान बनर्जी ने कहा कि भले ही, उन्होंने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है, लेकिन निजी कारणों से वह कुंभ मेले में शामिल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कुंभ मेले के सुचारू संचालन के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। बता दें कि 13 जनवरी को महाकुंभ मेले के शुभारंभ से ठीक पहले उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष की तरफ से बिमान बनर्जी को निमंत्रण मिला है।

सूत्रों के अनुसार, उन्होंने बंगाल विधानसभा अध्यक्ष को टेलीफोन पर आमंत्रित किया। इसी प्रकार, मुख्यमंत्री की ओर से बिमान बनर्जी ने उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष को भी गंगासागर मेले में आने का निमंत्रण दिया। हालांकि, कुंभ की व्यापक गतिविधियों के बीच उनका भी गंगासागर आना असंभव है। इसलिए बंगाल विधानसभा अध्यक्ष ने यूपी विधानसभा अध्यक्ष को आगामी दिनों में गंगासागर आने का अग्रिम निमंत्रण भी दिया। जानकार सूत्रों का मानना है कि इस निमंत्रण से दोनों राज्यों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित हुए हैं।

# राज्य की जेलों में अब लगेगा 5जी जैमर, मोबाइल के दुरुपयोग पर लगेगी लगाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल की सभी जेलों में मोबाइल फोन के दुरुपयोग को रोकने के लिए अत्याधुनिक 5जी जैमर लगाने की योजना शुरू की गई है। राज्य कारा विभाग ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह कदम उठाया है। हाल ही में जेलों में बांग्लादेशी आतंकियों की गतिविधियों का पता चलने के बाद राज्य के कारा और गृह विभाग ने मिलकर कई बैठकें कीं। इसके बाद केंद्र ने जेलों के अंदर मोबाइल नेटवर्क को पूरी तरह से बंद करने के लिए नई तकनीक वाले जैमर लगाने की सलाह दी। अभी तक राज्य की जेलों में पुराने




2जी जैमर का उपयोग किया जा रहा था, जो अब 4जी और 5जी नेटवर्क के चलते अप्रभावी हो गए हैं। नई तकनीक वाले जैमर न केवल 4जी बल्कि 5जी नेटवर्क को भी ब्लॉक करने में सक्षम होंगे। हालांकि, इन जैमर के कारण जेल और आसपास के इलाकों में मोबाइल सेवा बाधित होने की संभावना है, जिसे कम करने के लिए कुछ सरकारी नंबरों को छूट दी जाएगी।

पश्चिम बंगाल में कुल 60 जेलें हैं, लेकिन सभी जेलों में एक साथ जैमर लगाना संभव नहीं है। इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। शुरुआत में प्रेसिडेंसी जेल और दमदम सेंट्रल जेल में 'टॉवर हार्मोनियस कॉल ब्लॉकिंग सिस्टम' नामक अत्याधुनिक जैमर लगाया जा रहा है। इसे पहले पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जाएगा और सफल परीक्षण के बाद अन्य जेलों में भी यह प्रणाली लागू की जाएगी।



आउट्राम घाट पर गंगासागर तीर्थयात्रियों के सेवा में लगे बिहार सेवा शिविर में करीब 300 साधुओं में धोती वितरण किया गया। इस मौके पर ममता सिंह, डॉ हरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रणधीर सिन्हा, राजा बाबू सिंह, वकील पल्लवी ओझा, अभिजीत ओझा, कृष्ण सिंह, भरत सिंह, संतोष सिंह, अंकुल सिंह, मनोज सिंह (आदर्श), प्रह्लाद सिंह, रामबाबू सिंह, राय बहादुर सिंह उपस्थित रहे।

## धनबाद निवासी कर्नल जेके सिंह आज सेना दिवस परेड की करेंगे कमेंट्री

**कोलकाता :** भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद वर्तमान में झारखंड पुलिस में कमांडेंट के पद पर तैनात धनबाद निवासी कर्नल जेके सिंह 15 जनवरी को भारतीय सेना दिवस परेड की कमेंट्री करेंगे। यह परेड कमेंट्री 15 जनवरी, बुधवार को प्रात: 7.52 बजे से 10.06 बजे तक दूरदर्शन पर प्रसारित होगा। इस वर्ष भारतीय सेना दिवस परेड जो कि भारतीय सेना की वीरता और बलिदान का प्रतीक है, महाराष्ट्र के पूणे में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान सेना प्रमुख कर्तव्य निर्वहन में जिन शूरवीर सैनिकों ने मातृभूमि की सेवा में अपने प्राण न्योछावर किए, उन बलिदानी



परिवारों और अदम्य साहस का प्रदर्शन करने वाले वीर सैनिकों को सम्मानित भी करेंगे। अपनी ओजपूर्ण वाणी से सबको मंत्रमुग्ध करने वाले कर्नल जेके सिंह बतौर हिंदी कमेंटेटर पिछले तकरीबन दो दशकों से राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में विशेष योगदान दे रहे हैं। आइपीएस अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, झारखंड और पुलिस महानिरीक्षक ने हमेशा से राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर विशेष यो-गदान देने और राज्य का परचम लहराने के लिए कर्नल सिंह सहित समस्त बल को प्रेरित किया है। यह राष्ट्र और राज्य के लिए गौरव की बात है।

इस सेना दिवस परेड 2025 में कई ऐतिहासिक चीजें देखने को मिलेगी। जहां पहली बार नारी शक्ति का प्रभावी प्रारुप बनकर काप्र्स आफ मिलिट्री पुलिस की वुमेन टीम और एनसीसी की गल्र्स टीम ने हिस्सा लेगी। विभिन्न टेब्लो प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही अश्वारोही दल भी हिस्सा लेगा। थल और वायु टैंक और हेलीकाप्टर दोनों सामूहिक तौर पर काम्बेट टीम के प्रभावी अंग के रूप में पहली बार सेना दिवस परेड में प्रदर्शित किया जाएगा।

## हिमालया वेलनेस का 'माय फर्स्ट पिम्पल' कैम्पेन सफलता से संपन्न

**हावड़ा, समाज्ञा**

वेलनेस ब्रांड हिमालया वेलनेस ने अपने प्रभावशाली अभियान 'माय फर्स्ट पिम्पल' का सफलतापूर्वक समापन किया। यह अभियान पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में हजारों किशोर लड़कियों तक पहुंचा।

इसका उद्देश्य उन किशोरियों को सशक्त बनाना था, जो किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलावों और खासकर त्वचा से जुड़ी समस्याओं, जैसे मुंहासों का सामना कर रहे हैं। 'माय फर्स्ट पिम्पल' अभियान के दूसरे चरण में स्कूलों में जाकर सटीक जानकारी और व्यावहारिक सुझाव दिए गए। 'माय फर्स्ट पिम्पल' प्रोग्राम 125 से अधिक स्कूलों में आयोजित किया गया, जहां स्किनकेयर के स्थानीय इंफ्लुएंसर्स ने बच्चों के साथ बातचीत के सत्रों का संचालन किया।

इन सत्रों में यौवन के दौरान हार्मोनल बदलावों को समझने, मुंहासों के कारणों और त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के उपायों पर चर्चा की गई।

इन सत्रों में मजेदार प्रश्नोत्तरी और इंटरएक्टिव गेम्स ने माहौल को और भी रोचक बना दिया, जिससे बच्चों को आसानी से सीखने और खुलकर अपने सवाल पूछने का मौका मिला।

## कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति के शिविर में पहुंचे केंद्रीय मंत्री

**सागर, समाज्ञा :** कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति के गंगासागर स्थित स्वर्ग आश्रम के निजी भवन में गंगासागर मेला सेवा शिविर में तीर्थयात्रियों के सेवार्थ नि:शुल्क आवास, भोजन, नास्ता, चाय-बिस्कुट एवं प्राथमिक चिकित्सा की सेवा उपलब्ध है। इस अवसर पर समिति के सेवा शिविर में केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजुमदार उपस्थित हुए। समिति उपाध्यक्ष सीताराम वर्मा, मुरारीलाल सराफ, सचिव नन्दकिशोर भूतड़ा, मेला संयोजक बजरंग लाल खेडिया, कमल चंद बैद, जनसंपर्क अधिकारी विवेक अग्रवाल, सह सचिव दयानंद गुप्ता, सदस्य सुशील कुमार मिमाणी, मुकेश कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार चिरानियां, मुकेश कुमार गोयल भंवर लाल बिहानी, सुरेन्द्र शर्मा, राकेश



कुमार शर्मा, सुनीत तोदी, मनोज तिवारी, सुनील गुप्ता, विवेक अग्रवाल अरुण कुमार बागड़ोदिया, शिवकुमार मोहता, गिरीराज भूतड़ा, नवल चांडक, राहुल जैन, गोवर्धनसिंह राजपुरोहित, श्रवण गोयनका, विवेक अग्रवाल, विकास जोशी, धरमेश जुठानी, मुकेश प्रजापति, राम आधार प्रजापति, श्रवण गोयनका, कार्यकर्ता सरला भूतड़ा, कविता करनानी, सुरजदेवी राजपुरोहित, सरोज गोयनका, उमा अग्रवाल व अन्य कार्यकर्ता सेवा कार्य में सक्रिय है।

## जेवीसी क्यूएलईडी टीवी भारतीय बाजार में लॉन्च, कीमत 11,999 रुपये से शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** जापानी ब्रांड जेवीसी ने अपनी प्रीमियम क्यूएलईडी टीवी रेंज के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश किया है। ये टीवी 32 से 75 इंच साइज में उपलब्ध हैं, जिनकी शुरुआती कीमत 11,999 रुपये है। 75 इंच का टॉप मॉडल 89,999 रुपये में मिलेगा। ये टेलीविजन 14 जनवरी 2025 से अमेज़न ग्रेट रिपब्लिक डे सेल में खरीदारी के लिए उपलब्ध होंगे। जेवीसी टीवी में एचडीआर10, 1 बिलियन कलर्स और डॉल्बी एटमॉस जैसे फीचर्स शामिल हैं, जो इमर्सिव व्यूइंग और साउंड अनुभव प्रदान करते हैं। इनमें गूगल टीवी, वॉयस कंट्रोल, नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, यूट्यूब जैसे ऐप्स और उन्नत कनेक्टिविटी विकल्प दिए गए हैं। जेवीसी का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में भारतीय बाजार से 500 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करना है। बैंक ऑफर में एसबीआई कार्ड पर 10% की छूट मिलेगी।

# पश्चिम बंगाल जायसवाल युवा मंच का भव्य वनभोज आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल जायसवाल युवा मंच - क्षेत्र मानिकतला ने रविवार को कछुआ धाम के निकटवर्ती शांति धाम गार्डन एण्ड रिसॉर्ट में एक भव्य वनभोज का आयोजन किया, जिसमें 150 से अधिक लोगों ने भाग लिया। यह वनभोज भरपूर मनोरंजन, समुचित प्रबंधन और स्वादिष्ट व्यंजन से सराबोर रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बना वो ऐतिहासिक पल जब समाज के गौरव, सामाजिक कार्यों के प्रणेता, युवाओं के प्रेरणाश्रोत, पश्चिम बंगाल जायसवाल युवा मंच के संस्थापक सदस्य एवं प्रथम अध्यक्ष अवधेश कुमार साव को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस पल ने वहां मौजूद सभी लोगों को अत्यंत भावुक कर दिया था। अवधेश विगत पांच दशकों से समाज के लिए तन,





प्रथम अध्यक्ष अवधेश कुमार साव को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया

मन और धन से एक कर्मठ बनकर खड़े रहें हैं तथा आज जायसवाल संरक्षक संघ के भवन निर्माण प्रकल्प में भी इनका बहुत ही अतुलनीय योगदान रहा है। इन्हीं निस्वार्थ सेवाभाव के लिए मानिकतला क्षेत्र द्वारा इन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही, उनके हाथों अपने आगामी कार्यक्रम वृक्षारोपण की घोषणा भी की गई। उपयुक्त मौके पर युवा मंच के प्रथम उपाध्यक्ष काली प्रसाद जायसवाल, जायसवाल संरक्षक संघ के कोषाध्यक्ष अक्षय जायसवाल, महिला इकाई की प्रथम अध्यक्ष डॉ। अंजना जायसवाल, युवा मंच के अध्यक्ष सीए सुमित जायसवाल, सचिव मयूर जायसवाल, प्रधान सलाहकार और पूर्वाध्यक्ष विजय साव, रीता जायसवाल, गणेश जायसवाल, रामचंद्र जायसवाल, अमरनाथ जायसवाल, दिनेश जायसवाल, कृष्णा जायसवाल, बिधान सरणी के अध्यक्ष अमित जायसवाल (विक्की), राकेश जायसवाल, मानिकतला क्षेत्र के अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल, सचिव रोबिन साव, कोषाध्यक्ष सुधांशु जायसवाल, साहेब जयसवाल, रजनी जायसवाल, पूजीता जायसवाल, संतोष जायसवाल, अविनाश जायसवाल, चेतन जायसवाल, अरविंद जायसवाल, अनीश जायसवाल एवं अन्यान्य सदस्य इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें।

## तीर्थयात्रियों को 3 हजार 700 शाल प्रदान कर सेवा




**कोलकाता :** कोलकाता कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने आउटराम घाट में गंगासागर जाने वाले तीर्थयात्रियों को तकरीबन 3700 शॉल वितरित कर सेवा कार्य किया। संस्था के अध्यक्ष अशोक अवस्थी एवं सचिव योगेश अवस्थी ने बताया समाजसेवी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी, महेश अग्रवाल, अक्षय नाथानी, विवेक अडूकिया, अंकित भुवालका, संजय उपाध्याय, सूर्य नारायण सिंह एवं सहयोगियों की प्रेरणा से शॉल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आउटराम घाट में संस्था की ओर से चलाए जा रहे प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में तीर्थयात्री लाभान्वित हो रहे हैं। धर्मानुरागी अतिथियों ने सेवा कार्य की सराहना की। संयोजक दिनेश अवस्थी, आञ्जनेय शर्मा, नरेन्द्र अवस्थी, अमित त्रिपाठी, मोनू तिवारी, पवन त्रिवेदी, अभय त्रिपाठी, विवेक अग्रवाल, बिमलेश त्रिवेदी, रमेश तिवारी, अरूण मोदी, आदित्य, वेदान्श, यश, नीलांश, महिमा, भूमि, आशीष एवं कार्यकर्ता सक्रिय हैं।

## रेलवे में बिरयानी का टेंडर दिलाने के नाम पर ठगी, जांच में जुटी पुलिस

**हुगली, समाज्ञा :** लंबी दूरी के ट्रेनों में बिरयानी बेचने का टेंडर दिलाने के नाम पर हुगली जिले के चुंचुड़ा में बिरयानी व्यवसायियों के साथ ठगी करने का आरोप लगा है। चुंचुड़ा घड़ी मोड़ पर स्थित बिरयानी की दुकान के मालिक मोहम्मद गुलाम साबिर ने आरोप लगाया कि हुगलीघाट के मोगलपुरा इलाके का निवासी नित्यानंद दीक्षित कुछ दिन पहले चुंचुड़ा स्टेशन इलाके के एक व्यक्ति को उनकी बिरयानी की दुकान पर ले गए थे। उन्होंने गुलाम साबिर को बताया कि आईआरसीटीसी ट्रेनों में बिरयानी बेचने का अवसर दे रहा है। वे चाहें तो प्रतिदिन 80 रुपए की दर से एक हजार 600 पैकेट बिरयानी सप्लाई कर सकते हैं। गुलाम साबिर ने अपनी जान-पहचान की तीन अन्य दुकानों से भी बात की। उन्हें यह प्रस्ताव पसंद आया। कुल चार दुकानों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किये गये। अदालती कागजातों में समझौते हुए। आईआरसीटीसी से मोबाइल पर सत्यापन कोड भेजा गया। इसके बाद चारों दुकानों के मालिकों ने मिलकर दो लाख उन्हें दे दिए। इसके अलावा प्रति दुकानदार एक हजार 280 प्रोसेसिंग शुल्क भी लिया गया। इस बीच, व्यवसायियों को पता चला कि लंबी दूरी की ट्रेनों में खाद्य आपूर्ति या निविदाओं की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होती है। नकदी से कोई काम होता। इसके बाद, सोमवार को व्यवसायियों ने और पैसे लेने आए रॉबिन मजूमदार नामक युवक को पकड़ लिया और उसने पैसे वापस करने को कहा। युवक ने नित्यानंद दीक्षित को फोन किया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद, बिरयानी व्यवसायियों ने रॉबिन मजूमदार को पुलिस को सौंप दिया। मंगलवार को पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपों की जांच की जा रही है। रॉबिन से पूछताछ जारी है।

# पूर्व रेलवे ने महाप्रबंधक मिलिंद देवस्कर के नेतृत्व में 2024-25 में दर्ज की अद्वितीय उपलब्धियां

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने 2024-25 में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने मंगलवार को फेयरली प्लेस स्थित मुख्यालय के नए कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में रेलवे की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सुरक्षा, यात्री सेवाओं, समयपालन और बुनियादी ढांचे के विकास में हुई प्रगति को रेखांकित किया और यात्रियों के लिए सुरक्षित व आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर अतिरिक्त महाप्रबंधक सुमित सरकार और विभिन्न विभागों के प्रमुख भी उपस्थित थे। पूर्व रेलवे की कुल आय 10,163 करोड़ तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21% अधिक है। माल ढुलाई से




6,727 करोड़ और यात्री राजस्व से 2,840 करोड़ की आय हुई है। रेलवे ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऑटोमैटिक सिग्नलिंग, रोड ओवरब्रिज, और 3400 सीसीटीवी कैमरों की स्थापना की। हावड़ा-छोटा अंबोना खंड में कवच प्रणाली शुरू करने के लिए काम जोरों पर चल रहा है। इस खंड के हावड़ा-वर्दवान हिस्से पर यात्री परीक्षण 05 जनवरी को आयोजित किया गया था। वर्दवान-छोटा अंबोना खंड पर यात्री परीक्षण मार्च 2025 को आयोजित होने की उम्मीद है।

यात्री सेवाओं के लिए सियालदह स्टेशन पर प्लेटफार्म का विस्तार किया गया। तीन नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू की गईं। 64 कोच स्थायी और 3,485 कोच अस्थायी रूप से जोड़े गए। 12 नई ट्रेन सेवाओं की शुरुआत की गई।

❑ **समयपालन और बुनियादी ढांचा विकास में बड़ी उपलब्धियां**

मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की समयपालन दर 84.5% तक पहुंचने के साथ ही परिचालन बाधाओं को दूर कर सेक्शनल गति को 130 किमी/घंटे तक बढ़ाया गया। नए रेलखंड और दोहरीकरण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जबकि गति शक्ति टर्मिनल और 11 फुटओवर ब्रिज का निर्माण भी किया गया। महाप्रबंधक ने इन उपलब्धियों का श्रेय टीम वर्क और उन्नत योजना को देते हुए कहा कि पूर्व रेलवे सेवा उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करते हुए निरंतर प्रगति कर रहा है।

# मकर संक्रांति पर तीर्थार्थी सेवा संस्थान ने साधु-संतों को खिचड़ी-खीर किया वितरित

**कोलकाता :** 10 जनवरी से आउट्राम घाट में तीर्थार्थी सेवा संस्थान का सेवा कार्य जारी है। मकर संक्रांति के अवसर पर बुधवार को कैंप में खिचड़ी और खीर के साथ अन्य खाद्य सामाग्री का वितरण तीर्थयात्रियों में किया गया। शिविर का उद्घाटन गंगासागर हावड़ा मंडल के मंडल प्रबंधक संजीव कुमार ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष केशरी कुमार तिवारी के किया था।

कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के संयोजक श्रीकांत शर्मा की बड़ी अम्मा स्वर्गीय माधुरी देवी को श्रद्धांजलि दी गई। इसका स्वर्गवास 23 जनवरी को प्रयाग राज में हो गया था। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महामंत्री त्रिभुवन कुमार मिश्र ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन गंगासागर मेला आयोजन समिति 2025 के अध्यक्ष ने विरेंद्र चुड़िवाला और सचिव मुकेश ठाकुर ने किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य रूप से मेला तीर्थयात्री संयुक्त समिति के अध्यक्ष तारकनाथ त्रिवेदी, महामंत्री भरत मिश्रा, आशुतोष कुमार सिंह, जितेंद्र नाथ राय, डॉ रविकांत शर्मा, सूर्यकांत तिवारी, रविंद्र कुमार सिंह, राजेंद्र राय, संजय ठाकुर, मैनेजर राय, मनोज कुमार राय, राकेश




दिक्षित, सीमा जायसवाल, रविंद्र कुंवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुंदर कांड पाठ एवं आनंदम्य भजन मृत्युंजय पांडेय और उनकी टीम ने प्रस्तुत किया। समिति के कोषाध्यक्ष अंकुर राय ने बताया कि सेवा शिविर में आगामी 16 जनवरी तक तीर्थ यात्रियों के लिए नि:शुल्क ठहरने खाने और पेयजल इत्यादि की व्यवस्था की गई। 15 जनवरी को लिट्टी-चोखा भोजनोत्सव का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय गान जन गण मन व भारत माता की जय के जयकारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# स्वास्थ्य विभाग में साढ़े पांच पन्नों की एक रिपोर्ट, सलाइन के साथ ऑक्सिटोसिन भी जिम्मेदार

**कोलकाता, समाज्ञा :** विषैले सलाइन से तीन प्रसूतियों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। संक्रमण के कारण शरीर में रक्त का थक्का नहीं जम रहा है और फेफड़े तथा किडनी ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। एसएसकेएम अस्पताल के वेंटिलेटर पर नसरिन खातून और मांपी सिंह की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। इस संकट के लिए अब ऑक्सिटोसिन को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग में साढ़े पांच पन्नों की एक रिपोर्ट दाखिल की गई है, जिसमें इस पूरे मामले की गहरी छानबीन की गई है।



प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कहा गया था कि रिंगर लैक्टेट सलाइन के कारण से मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में एक प्रसूति की मौत हो गई, और बाकी तीन की स्थिति भी चिंताजनक है। लेकिन अब अंतिम रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि विषैला सलाइन के साथ-साथ ऑक्सिटोसिन का अतिरिक्त उपयोग भी समस्या का कारण बना। रिपोर्ट के अनुसार, ऑक्सिटोसिन के अधिक मात्रा में उपयोग के कारण प्रसूतियों की शारीरिक स्थिति बिगड़ गई है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि बिना किसी प्रोटोकॉल का पालन किए पांच मरीजों को उच्च डोज में ऑक्सिटोसिन दिया गया था। निर्धारित 10 यूनिट की जगह, उन्हें 15 से 25 यूनिट ऑक्सिटोसिन दिया गया, जिसके कारण रोगियों का रक्तचाप घटने लगा। ऑक्सिटोसिन का उपयोग सामान्यतः अत्यधिक रक्तस्राव को रोकने के लिए किया जाता है।

## भाटपाड़ा में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे पर हमले के आरोपी को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उत्तर 24 परगना जिले में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे पर भीड़ द्वारा किए गए हमले से संबंधित मामले में फरार आरोपी मोहम्मद आमिर उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया है। उसे सोमवार को भाटपाड़ा से गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 28 अगस्त 2024 को एंग्लो इंडियन जूट मिल स्टाफ क्वार्टर के पास भाटपाड़ा के गेट नंबर 3 के समीप प्रियंगु पांडे और उनके सहयोगियों पर हमला हुआ था। इस



हमले में गोली लगने से पांडे का ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने हमले के दौरान छह-सात राउंड गोली चलाई और पांडे की कार पर बम भी फेंके थे।

हमलावरों के पास घातक हथियारों के साथ 50 से अधिक लोग थे। उन्होंने क्रूड बम का भी इस्तेमाल किया। एनआईए ने जांच अपने हाथ में लेते हुए अक्टूबर 2024 में मामला पंजीकृत किया। इससे पहले एनआईए द्वारा कोर्ट में दाखिल आरोप पत्र में 12 लोगों के नाम शामिल किए गए थे। आरोप पत्र में मोहम्मद आबिद खान, मोहम्मद आरिफ, वसीमुद्दीन अंसारी, मोहम्मद नसीम, फिरदुश इकबाल, मोहम्मद तनवीर, संजय साव, मोहम्मद चांद, आकाश सिंह, मोहम्मद सोहैब अख्तर, मोहम्मद अकबर और सागर सिंह के नाम एनआईए ने शामिल किए थे।

### गाड़ी में अचानक बेहोश हुआ ड्राइवर, हुयी मौत



**कोलकाता :** हेयर स्ट्रीट थाना अंतर्गत ब्रेबर्न रोड पर एक ड्राइवर की मौत हो गयी। मृतक की पहचान अनारूल हक (53) के रूप में की गयी है। वह मूल रूप से नदियाल थाना इलाके का रहने वाला था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त स्थान पर अनारूल अचानक गाड़ी में बेहोश हो गया। इसके बाद तुरंत मेडिकल कॉलेज व अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बिधाननगर खुफिया विभाग के अधिकारी के नाम पर फर्जी अकाउंट खोलकर धोखाधड़ी, छात्र गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

बिधाननगर खुफिया विभाग के एक उच्च पदस्थ अधिकारी के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में बिधाननगर साइबर पुलिस ने एक छात्र को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त का नाम सायंतन दास है। वह हावड़ा का निवासी है और स्थानीय एक स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा का छात्र है। कथित तौर पर, छात्र ने बिधाननगर डिटेक्टिव ब्रांच के एक पुलिस अधिकारी के नाम से एक फर्जी फेसबुक अकाउंट खोला था। आरोप है कि इसके बाद, उसने फेसबुक मैसेंजर पर कई लोगों को पैसे मांगने के लिए संदेश भेजना शुरू कर दिया। बताया गया है कि धोखाधड़ी के संबंध में गत 9 नवंबर को बिधाननगर साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई थी। लिखित शिकायत में कहा गया है कि खुफिया शाखा में कार्यरत एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नाम से फेसबुक अकाउंट बनाकर मैसेंजर पर कई लोगों से पैसे मांगे जा रहे हैं। इसके बाद, बिधाननगर साइबर अपराध थाने की पुलिस ने जांच शुरू की। इसके आधार पर पुलिस ने सोमवार की रात सायंतन को हावड़ा इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार छात्र को मंगलवार को बिधाननगर अदालत में पेश किया और उसकी हिरासत मांगी।

## तृणमूल में शामिल होने वाले केरल के निर्दलीय विधायक के बदले रूख से ममता नाराज

### अनवर को पार्टी में शामिल कराने के निर्णय से ममता नाखुश

**कोलकाता, समाज्ञा :** केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) से अलग होकर चार दिन पहले कोलकाता आकर बीते शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए निर्दलीय विधायक पीवी अनवर ने केरल लौटने पर सोमवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। इतना ही नहीं विधायक पद से इस्तीफे के साथ उन्होंने यह घोषणा भी की कि वह नीलांबुर निर्वाचन क्षेत्र से उपचुनाव नहीं लड़ेंगे बल्कि उपचुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। इधर तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार, अनवर को पार्टी में शामिल कराने से लेकर उनके इस रूख और पूरे घटनाक्रम से बंगाल की मुख्यमंत्री व पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी बेहद नाराज हैं। उनका मानना है कि केरल के जिस वायनाड लोकसभा क्षेत्र से राहुल और प्रियंका गांधी जुड़े हैं, वहां के विधायक को पार्टी में शामिल कराना ही सही नहीं था। ममता अनवर को पार्टी में शामिल कराने के निर्णय से काफी नाखुश हैं। ममता के करीबी सूत्रों की मानें तो अनवर के पार्टी में शामिल होने से केरल में तृणमूल को कोई लाभ भी नहीं दिख रहा है। बता दें कि तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी का हाथ पकड़कर 10 जनवरी को अनवर यहां पार्टी में शामिल हुए थे। अभिषेक ने उन्हें सदस्यता प्रदान कर पार्टी में स्वागत किया था।



कोलकाता वस्त्र व्यवसाय सेवा ट्रस्ट का उद्घाटन समारोह डीएम सुमीत गुप्ता, संत ज्ञानदास महाराज, संत संजय दास, हेमन्त दास व अन्य गणमान्य की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## ट्राम कोलकाता की सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है : उच्च न्यायालय




**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ट्राम को यहां की सांस्कृतिक परम्परा का एक हिस्सा बताते हुए अवैध रूप से डामर (तारकोल) से ढक दी गई इसकी पटरियों को बहाल किये जाने का मंगलवार को निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि भारत में कोई अन्य शहर ट्राम का परिचालन नहीं करता है। कोलकाता में ट्राम सेवाओं को जारी रखने के अनुरोध संबंधी एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि शहर की सांस्कृतिक विरासत और लोकाचार को संरक्षित करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि कोलकाता शहर की सांस्कृतिक विरासत और लोकाचार को संरक्षित करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए। खंडपीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी शामिल थे। खंडपीठ ने निर्देश दिया कि जिन ट्राम पटरियों को अवैध रूप से तारकोल से ढक दिया गया था, उन्हें बहाल किया जाए।

अदालत ने कोलकाता पुलिस को ट्राम की पटरियों को तारकोल से ढकने संबंधी शिकायतों की जांच करने और ऐसा करने वालों की पहचान करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि अदालत ने पहले निर्देश दिया था कि ट्राम की पटरियों को तारकोल से नहीं ढका जाना चाहिए, लेकिन कोलकाता पुलिस में इस बारे में दो शिकायतें दर्ज की गईं, जिसमें आरोप लगाया गया कि कुछ स्थानों पर ऐसा किया गया है। अदालत ने कहा कि स्विट्जरलैंड समेत ऐसे अन्य देश भी हैं जहां ट्राम का परिचालन होता है और कोलकाता की तरह ही वहां भी ये ट्राम पटरियां सड़कों के बीच से गुजरती हैं।

## गंगासागर मेले में मीडिया एवं पत्रकार कल्याण संघ का विभिन्न कार्यक्रम संपन्न



**सागर, समाज्ञा**

गंगासागर में रविवार को स्वामी विवेकानंद की 153वीं जयंती मनाई गई। मीडिया एंड जर्नलिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन इंडिया की ओर से जीबीडीए के चेयरमैन जिला सहकारी सभाधिपति शिमंतो कुमार माली और प्रेमनाथ दुबे, बजरंग परिषद एनजीओक्काडेशन कमेटी के अध्यक्ष और एडीएम जनरल अनीश दास गुप्ता, आईएएस और अन्नय अधिकारी ने मीडिया जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन इंडिया का आभार और बधाई व्यक्त की। साथ ही, मीडिया एंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन इंडिया ने खीर बांटे और मुफ्त मेडिकल कैंप और कंबल बांटे।

## महिषबथान में डिलीवरी बॉय की हत्या मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

❑ **अब तक मामले में पांच गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नव वर्ष की रात साल्टलेक के महिषबथान के उदयनपल्ली इलाके में एक डिलीवरी बॉय की पीट-पीटकर हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त का नाम मृत्युंजय मंडल है। पता चला है कि घटना के लगभग दो सप्ताह बाद जांचकर्ताओं ने उसे तेलंगाना से गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि नये साल की पूर्व संध्या पर सोना नामक युवक ने 26 वर्षीय सुब्रत माजी नामक युवक को फोनकर बुलाया था। सुब्रत यह कहकर घर से निकला था कि वह थोड़ी देर में वापस आ जाएगा। लेकिन, वह नहीं लौटा। परिवार के सदस्य मोबाइल फोन पर भी अपने बेटे से संपर्क नहीं कर पा



रहे थे। बाद में, परिवार को पता चला कि मृत्युंजय नाम का एक दोस्त सुब्रत को पड़ोस के एक डॉक्टर के पास ले गया था। डॉक्टर ने उसे अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी। इसके बाद, परिवार के सदस्य सुब्रत को बिधाननगर उपजिला अस्पताल ले गए। बाद में, जब उनकी हालत और बिगड़ गई तो उन्हें आरजीकर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने सुब्रत को मृत घोषित कर दिया। यह तथ्य सामने आया है कि उसकी पीट-पीटकर हत्या की गई थी। बिधाननगर इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स पुलिस स्टेशन ने घटना की जांच के बाद प्रारंभ में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। घटना के बाद से मुख्य आरोपी मृत्युंजय मंडल फरार था। उसकी तलाश में विभिन्न स्थानों पर तलाश शुरू हुई। इस बार, भगोड़ा युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। युवक कोलकाता से तेलंगाना गया था और वह वहां छिप गया था। जब पुलिस को खबर मिली तो जांचकर्ता तेलंगाना गए। मंगलवार की सुबह पता चला कि मृत्युंजय को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांचकर्ता उसे शीघ्र ही बिधाननगर वापस ला रहे हैं। इस घटना में अब तक मुख्य आरोपी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इससे पहले सबुज मिस्त्री, बापन हलदर, विश्वजीत मंडल और असित सरकार को गिरफ्तार किया गया था।

## 'अभया' को न्याय दिलाने के लिए रानी रासमणि एवेन्यू पर धरना, पुलिस से नहीं मिली अनुमति, हाई कोर्ट में याचिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'अभया' को न्याय दिलाने के लिए 16 जनवरी को रानी रासमणि एवेन्यू पर प्रदर्शन करने की योजना बना रहे 'रात कब्जा एकता मंच' संगठन को पुलिस ने अनुमति नहीं दी है। पुलिस के इस फैसले के खिलाफ संगठन ने अब कोलकाता हाई कोर्ट का रुख किया है और मंगलवार को मामले में याचिका दायर करने की मांग की है। जस्टिस तीर्थशंकर घोष ने इस याचिका पर सुनवाई की अनुमति दी है, और बुधवार को सुनवाई की संभावना जताई जा रही है। यहां उल्लेखनीय है कि, 18 जनवरी को सियालदह कोर्ट में आर.जी. कर मामले में निर्णय होगा, जिसमें संजय राय को एकमात्र दोषी ठहराया गया है। इस निर्णय से पहले संगठन 16 जनवरी को धरना देना चाहता है।



इसके अलावा, नवान्न में डिप्टीटेशन देने का भी कार्यक्रम है, लेकिन पुलिस की अनुमति न मिलने के कारण यह धरना स्थगित हो सकता है। लालबाजार के सूत्रों के अनुसार, 16 जनवरी को गंगासागर से लौटने वाले साधु-संत और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था करना पुलिस के लिए मुश्किल होगा। यही कारण है कि पुलिस ने अनुमति नहीं दी है, और संगठन ने अब इस फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

### गंगासागर मेला खत्म होते ही नवान्न अभियान, पुण्यर्थियों की सुरक्षा हेतु हाई कोर्ट में जनहित याचिका

16 जनवरी को नवान्न अभियान के साथ-साथ गंगासागर मेला समाप्त होने के अगले दिन, दूर-दराज से लौटने वाले पुण्यर्थियों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनहित याचिका दायर की गई है। संगठन ने इस याचिका में दावा किया है कि नवान्न अभियान के दौरान अगर कोई अशांति होती है, तो श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर खतरा आ सकता है। इस मामले में अगली सुनवाई 16 जनवरी को निर्धारित है।

## ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने किया डिजिटल गोदाम का उद्घाटन


**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिला ग्रामीण पुलिस अध्यक्ष ने पुलिस द्वारा जब्त किये गए सामान को सरलीकरण करने के उद्देश्य से डिजिटल गोदाम सेवा का पोलबा थाने के गोदाम से उद्घाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पोलबा थाने के ओसी नसीरुद्दीन अली दो महीने से थाने में कार्यरत है । वह हमेशा कुछ अच्छा करने का कोशिश कर रहे हैं। उनमें से एक है डिजिटल गोदाम है। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट ने गोदाम के सामान को स्टोर और आसानी से ढूंढने के लिए एक डिजिटल सिस्टम बनाया था। ऋइसी तरह हुगली ग्रामीण पुलिस के कई पुलिस स्टेशनों में भी यह सिस्टम लागू किया जाएगा। आगामी दिनों में केंद्रीय स्तर पर निगरानी की भी व्यवस्था होगी। डिजिटल इंडिया के दौर में हर चीजें डिजिटल हो रही है। इसकी साथ पुलिस सेवाएं भी डिजिटल हो रही है। हाल में ग्रामीण पुलिस ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए डिजिटल पोर्टल की शुरुआत की थी। पुलिस गोदाम को डिजिटल किया गया है। ताकि पुलिस के द्वारा जब्त की गई सामग्री, अस्त्र सबका ब्यौरा आसानी से मिल सके। बारकोड तकनीक का उपयोग सरलीकरण किया जा रहा है। बार कोड को स्कैन कर यह पता लगाना आसान हो जाएगा कि उस केस में क्या जब्त किया गया है, वह कहां है। चंदननगर पुलिस ने इस व्यवस्था को पूरे बेहतरीन तरीके से लागू किया था।




अतः उन्हें प्रथम पुरस्कार मिला।पुलिस विभिन्न मामलों में कई चीजें जब्त करती हैं, जिनमें आग्नेयास्त्र, ड्रग्स से लेकर महंगे सामान भी होते हैं और गोदाम में रखे जाते हैं ।कई बार केस की आवश्यकतानुसार इन्हें न्यायालय में प्रस्तुत करना पड़ता है। उसके कारण, यदि जब्त की गई वस्तुएं खो जाती हैं या नष्ट हो जाती हैं तो पुलिस को जिम्मेदार ठहराया जाता है। अतीत में पुलिस द्वारा जब्त की गई सभी चीजें गोदामों में बर्बाद हो जाती थीं। कई बार मिलता भी नहीं है। ज्ञात हो कि ई-गवर्नेंस पर 27 वां राष्ट्रीय सम्मेलन पिछले 3 और 4 सितंबर को मुंबई में आयोजित किया गया था। वहां चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट को यह पुरस्कार मिला। अब हुगली ग्रामीण पुलिस ने भी इसी के तहत एक डिजिटल गोदाम बनाया है।

### मकर संक्रांति के अवसर पर शालीमार स्थित हनुमान मंदिर में हजारों भक्तों के बीच भोग खिलाया गया

**हावड़ा :** शालीमार धीरनमोड़ हनुमान मंदिर सेवा समिति की ओर से विगत कई वर्षों की तरह इस बार भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सुबह से ही मंदिर प्रांगण में कई तरह के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया शाम के समय सुंदरकांड का आयोजन भक्त मंडली



के द्वारा आयोजित किया गया जहां पर सैकड़ो की तादाद में भक्ति मंदिर प्रांगण में उपस्थित हो सुंदरकांड का पाठ कर पुण्य के भागी बने। आपको बता दें कि तकरीबन 100 वर्षों से अधिक पुराने इस हनुमान मंदिर में दशकों से चली आ रही परंपरा के अनुसार आज मकर संक्रांति के अवसर पर भक्तों के बीच भोग का वितरण किया गया जहां हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किये।

### सियालदह मंडल से भी वंदे भारत ट्रेनों के परिचालन को लेकर तैयारियां जारी

**कोलकाता :** सियालदह मंडल से भी वंदे भारत ट्रेनों के परिचालन को लेकर तैयारियां जारी हैं। काशीपुर में रेल यार्ड का निर्माण हो रहा है। 250 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे इस यार्ड में वंदे भारत ट्रेनों का रखरखाव किया जायेगा। रेलवे इसकी योजना बना रहा है। पिछले दिनों पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंग के देउस्कर ने वरिष्ठ अधिकारी के साथ काशीपुर यार्ड का दौरा भी किया था। पूर्व रेलवे मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक प्रश्न के जवाब में उक्त जानकारी देते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि कोलकाता स्टेशन पर भी इसी तरह का यार्ड और पीट लाइन बनाया जा रहा है। यहां वंदे भारत ट्रेनों का रखने के साथ रखरखाव का काम होगा।

### दमदम जेल अस्पताल में कैदी की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दमदम जेल प्रशासन द्वारा हाई कोर्ट के आदेशों के बावजूद कैदी के इलाज में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। दक्षिणेश्वर थाना द्वारा झूठे मामले में गिरफ्तार किए गए मौसम चट्टोपाध्याय नामक कैदी की मौत हो गई है। यह घटना उस समय हुई, जब कोर्ट ने जेल प्रशासन को कैदी के इलाज के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया था। मौसम चट्टोपाध्याय एनडीपीएस कानून के तहत गिरफ्तार हुए थे और उनका मामला लगभग डेढ़ महीने से विचाराधीन था। आरोप है कि जेल में रहते हुए उनकी सेहत तेजी से बिगड़ी, जिसके बाद पिछले शुक्रवार को कोर्ट में बंदी के इलाज के लिए आवेदन किया गया था। कोर्ट ने दमदम जेल प्रशासन को उचित इलाज के निर्देश दिए थे, लेकिन लापरवाही के कारण कैदी की मौत हो गई।







1. वेस्ट बंगाल यादव समाज में गंगासागर जाने वाले तीर्थयात्रियों की सेवा में मेला अध्यक्ष दुर्गा यादव, उपाध्यक्ष श्रीकान्त यादव (विधायक, एकमा सारण), महामंत्री (सचिव) संजय कुमार यादव, उप मंत्री झनमन यादव, संचालक परशुराम राय, सदस्यगण उमेश यादव, भोला यादव, राजदेव यादव, राधेश्याम यादव (जौनपुर), राधेश्याम यादव (काकुड़गाछी, कबीर यादव, कमला यादव, मनोज यादव, मनोज चौधरी, विर्कमा यादव, सुधार यादव, चन्द्रप्रकाश यादव, शिवबंश यादव, भगानी यादव, महेन्द्र यादव, राजेश यादव, देवराज यादव, भोला प्रसाद यादव, रविन्द्र यादव, प्रदीप गुप्ता सक्रियता से जुटे।
2. वेस्ट बंगाल यादव समाज के सेवा शिविर में कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा पहुँचे, साथ में अभय नारायण सिंह व दुर्गा यादव।



**न्यूज इन ब्रीफ**

### संभल में सती मठ मंदिर पर अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर चलाकर हटाया

**संभल (उप्र) :** संभल जिला मुख्यालय के कोतवाली इलाके में स्थित नई सराय के सती मठ मंदिर पर अवैध अतिक्रमण को उप ज़िलाधिकारी (एसडीएम) की निगरानी में बुलडोजर चलाकर हटा दिया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया, हमें सती मठ मंदिर पर अवैध अतिक्रमण की सूचना मिली थी, जहां नींव भरकर प्लॉट बनाए जा रहे थे। सर्वेक्षण करने के बाद अतिक्रमण को हटा दिया गया और करीब 82 वर्ग मीटर जमीन को मुक्त कराया गया। उन्होंने कहा कि भू-माफिया विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया जाएगा और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बीपीएससी परीक्षा विवादः चिराग ने कहा, वह छात्रों के पक्ष में कड़े कदम उठाने को तैयार

**पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में कथित अनियमितताओं का विरोध कर रहे छात्रों के साथ फिर से एकजुटता दिखाते हुए मंगलवार को उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विद्यार्थियों की शिकायत सुनेंगे। पासवान ने साथ ही आगाह भी किया कि जरूरत पड़ी तो उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) 'कड़े कदम' उठाने से पीछे नहीं हटेगी।

### झारखंड : रांची में खराब दृश्यता के कारण एक उड़ान का मार्ग परिवर्तित, कई उड़ानों के परिचालन में देरी

**रांची :** झारखंड के रांची में मंगलवार की सुबह घने कोहरे के परिणामस्वरूप दृश्यता कम होने के कारण एक उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया जबकि तीन अन्य उड़ानों के परिचालन में देरी हुई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के आस-पास सुबह 9.30 बजे तक दृश्यता का स्तर एक हजार मीटर से कम था। बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के निदेशक आर आर मौर्य ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''खराब दृश्यता के कारण एक उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया जबकि अन्य उड़ानें सुबह 9.30 बजे तक आसमान में ही चक्कर लगाती रहीं। दृश्यता एक हजार मीटर से कम थी।''

## मकर संक्रांति पर जयपुर के आसमान में दिखीं पतंग ही पतंग, शाम को हुई आतिशबाजी



**जयपुर :** राजस्थान की राजधानी जयपुर समेत राज्य के सभी शहरों-कस्बों में मंगलवार को मकर संक्रांति पारंपरिक उत्साह के साथ मनाई गई और इस दौरान लोगों ने मंदिरों व गोशालाओं में दान करने के अलावा पतंगबाजी भी की। गुलाबी नगरी कहे जाने वाले जयपुर का आसमान सुबह होते ही रंग-बिरंगी पतंगों से भर गया और दिन भर लोग छतों, मैदानों व गलियों से पतंगबाजी का आनंद लेते रहे। शाम ढलते ही पतंगों की जगह उड़ने वाली लालटेन और आतिशबाजी ने ले ली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जल महल के पास पतंग उड़ाई। अभिनेता अक्षय कुमार और परेश रावल ने भी जयपुर में पतंगबाजी का आनंद लिया। अजमेर के पुष्कर सरोवर और जयपुर के गलता तीर्थ में तड़के श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई जिन्होंने वहां पवित्र स्नान किया और विधि विधान से पूजा-अर्चना की। लोगों ने जरूरतमंदों में मिठाई और अन्य सामान दान दिया। गोशालाओं में भी भीड़ लगी रही जहां लोग गायों को चारा खिलाने पहुंचे। जयपुर में मंगलवार को दिन की शुरुआत में धूप निकली। पिछले दो दिन की तुलना में आसमान साफ था और पतंगबाजी के लिए अनुकूल हवा चल रही थी। दिन भर गजक, मूंगफली की दुकानों पर खासी भीड़ रही। लोगों ने कई तरह की गजक, गुड़ और तिल से बने लड्डू खरीदे। शहर में अनेक जगह मांझे से घायल हुए पक्षियों के उपचार की भी व्यवस्था की गई।



निरंजनी अखाड़े के नागा साधुओं ने किया अमृत स्नान

## स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन को महाकुंभ में गुरू ने दिया नया हिंदू नाम- 'कमला'



**महाकुंभ नगर :** प्रयागराज के महाकुंभ मेले में सभी के आकर्षण का केंद्र बनी एप्पल के सह संस्थापक दिवंगत स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स को उनके गुरू स्वामी कैलाशानंद ने नया हिंदू नाम दिया है 'कमला'। अरबपति महिला कारोबारी लॉरेन पॉवेल जॉब्स ने विश्व के इस सबसे बड़े धार्मिक समागम में कल संगम में डुबकी लगायी थी। पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के महंत रविंद्र पुरी ने मंगलवार को पीटीआई से बातचीत में कहा, उन्हें (लॉरेन) यहां नया नाम 'कमला' मिला है। वह बहुत सहज, विनम्र और अहंकार से मुक्त हैं और यहां की सनातनी संस्कृति से खासा प्रभावित हैं। महंत रविंद्र पुरी, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा, अध्यात्म की खोज उन्हें यहां ले आई। इस अखाड़े में उनका जिस तरह का व्यवहार है, उससे पता चलता है कि दुनिया की धनी और समृद्ध हस्तियों में से एक होने के बावजूद वह अहंकार से कोसों दूर हैं और किसी तरह का दिखावा नहीं करतीं। कुछ छोटे वीडियो क्लिप में वह पीले रंग के सलवार सूट में रुद्राक्ष की माला पहने हुए दिखाई देती हैं।

## प्रयागराज महाकुंभ में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**प्रयागराज :** महाकुंभ मेले के शुभ अवसर पर कोलकाता की प्रतिष्ठित संस्था सोसाइटी बेनिफिट सर्कल ने बाबा काली कमलीवाला पंचायत क्षेत्र में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में श्रद्धालुओं के ठहरने, साधुओं की सेवा और भंडारे की उत्तम व्यवस्था की गई है। हर 12 वर्षों में होने वाले कुंभ मेले का यह संस्करण, जिसे 144 वर्षों बाद आने वाले महाकुंभ का दर्जा दिया गया है, प्रशासन द्वारा डिजिटल महाकुंभ के रूप में प्रस्तुत किया गया है। माना जा रहा है कि इस महाकुंभ में 35 दिनों के दौरान करीब 45-50 करोड़ श्रद्धालु एवं तीर्थयात्री भाग लेंगे। शिविर का उद्घाटन बाबा काली कमलीवाला पंचायत क्षेत्र के प्रधान सचिव ताराचंद जालान के संरक्षण और सुझाव पर किया गया। इस आयोजन में संस्था के अध्यक्ष पवन बंसल के नेतृत्व में एक समर्पित टीम ने अपनी सेवाएं दीं। प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान, अनु मिश्रा, और राजीव बालोटिया समेत डॉक्टर्स और नर्सेस की टीम ने प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं शुरू कीं।

### मथुरा में प्रयागराज जाने वाले तीर्थयात्रियों की बस में आग लगने से एक बुजुर्ग की मौत

**मथुरा (उप्र) :** तेलंगाना से प्रयागराज महाकुम्भ में तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक निजी बस में मंगलवार को आग लग जाने से एक बुजुर्ग यात्री की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि मंगलवार को तेलंगाना के करीब 50 तीर्थयात्रियों को लेकर एक निजी बस आज शाम वृन्दावन के पर्यटक सुविधा केंद्र पहुंची थी। उनके मुताबिक, ये सभी लोग महाकुम्भ के दौरान स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले थे, लेकिन कुछ यात्री वृन्दावन के मंदिरों के दर्शन के लिए चले गए और कुछ खाना बनाने की तैयारी करने लगे। कुमार ने बताया कि इसी बीच, अचानक बस में से चिंगारी निकलने लगी और कुछ ही पलों में बस में भयंकर आग लग गई जिसके बाद पुलिस एवं दमकल कर्मियों को फोन कर सूचना दी गई।

## किन्नर अखाड़े ने समाज कल्याण की कामना कर किया अमृत स्नान



**महाकुंभनगर (उप्र) :** महाकुंभ 2025 के पहले अमृत स्नान के पावन अवसर पर किन्नर अखाड़ा आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना। आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में किन्नर अखाड़े के सभी सदस्यों ने दोपहर में संगम पहुंचकर अमृत स्नान किया। महा संक्रांति के पर्व पर किन्नर अखाड़े ने समाज के कल्याण और उन्नति की कामना की। किन्नर अखाड़े के सदस्य हर हर महादेव का नारे लगाते हुए संगम की ओर बढ़े। बीच में छत्र के नीचे आचार्य महामंडलेश्वर चल रहे थे और उनके साथ अखाड़े के अन्य महामंडलेश्वर उपस्थित थे। इस दौरान किन्नर अखाड़े के साधु पारम्परिक शस्त्रों का प्रदर्शन कर रहे थे। तलवारें लहराते हुए और जयघोष करते हुए उन्होंने अमृत स्नान आरंभ किया। किन्नर अखाड़े की सदस्य राम्या नारायण गिरी ने बताया कि अमृत स्नान के अवसर पर प्रत्येक सदस्य ने भारतवासियों की सुख-समृद्धि और देश के कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह पर्व न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज के प्रति सकारात्मक संदेश देने का भी एक माध्यम है। किन्नर अखाड़े के सदस्य शस्त्रों के साथ अपनी परंपराओं का अद्भुत प्रदर्शन करते नजर आए। तलवारों और अन्य शस्त्रों को लहराते हुए उन्होंने अपनी शक्ति और परंपरा का परिचय दिया।

## बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने की लोकमंगल की कामना



**गोरखपुर :** मकर संक्रांति के अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार शिवावतार महायोगी गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। इस पर्व में 15 लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। मंगलवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा देश की समृद्ध विरासत एवं सांस्कृतिक एकता के प्रतीक पर्व मकर संक्रांति (खिचड़ी) के पुण्य अवसर पर आज श्री गोरखनाथ मंदिर में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने शिवावतारी महायोगी गुरु श्री गोरखनाथ जी को आस्था की पावन खिचड़ी चढ़ाई। योगी ने कहा पर्व के सफल आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन, नगर निगम गोरखपुर, सभी धार्मिक-सामाजिक संगठनों व स्वयंसेवकों को साधुवाद। भगवान भास्कर सभी के जीवन में प्रगति का प्रकाश लाएं, यही प्रार्थना है। सुबह इस अवसर पर उन्होंने भगवान गोरखनाथ से लोकमंगल, सभी लोगों के सुखमय और समृद्ध जीवन तथा राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की। बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के बाद आदित्यनाथ ने सभी लोगों, संतों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति भारत के पावन पर्व और त्योहारों की श्रृंखला में जगतपिता सूर्य के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक उत्सव है।

## महाकुंभः विदेशी श्रद्धालुओं ने भी किया 'जय श्रीराम' और 'बम बम भोले' का उद्घोष



**महाकुंभनगर :** मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को महाकुम्भ में भारत के विभिन्न प्रांतों से आए विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ ही विदेशी श्रद्धालुओं ने भी एक साथ संगम में 'अमृत स्नान' किया। महाकुंभनगर इन श्रद्धालुओं के 'जय श्री राम', 'हर हर गंगे', 'बम बम भोले' के उद्घोष से गूंज उठा। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, केरल, आंध्र प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से आए अलग अलग समुदायों के लोगों के साथ साथ अमेरिकी, इजराइली, फ्रांसीसी समेत कई अन्य देशों के नागरिक भी गंगा स्नान करते हुए भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत हो गए। महाकुम्भ में मकर संक्रांति पर अमृत स्नान में शामिल होने वाले विदेशी नागरिक जैफ ने कहा, ''मैं अमेरिका से हूं लेकिन लिस्बन (पुर्तगाल) में रहता हूं। मैं दक्षिण भारत की यात्रा कर रहा था। कल वाराणसी से यहां पहुंचा। यहां एक पवित्र ऊर्जा महसूस होती है जो बहुत शांति और सुकून देने वाली है। हर कोई मैत्री भाव से मिल रहा है। मैं यहां की सुव्यवस्था और स्वच्छता देखकर चकित हूं। हर 15 मीटर पर कूड़ेदान उपलब्ध हैं।'' इसी तरह, ईरान से आई एक महिला ने कहा, ''हम नौ लोग हैं जो दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से यहां आए हैं। मेरे पति और मैं दुबई और लिस्बन के बीच आते-जाते रहते हैं। हम यहां पहली बार आए हैं। ये अद्भुत है।''

समीक्षा मनोरंजन

## सोनिया का संकोच

एक लड़की थी- सोनिया। वह बहुत कम बोलती थी, लड़ाई-झगड़ा तो रही दूर की बात, वह अपनी कक्षा में अध्यापक से भी कोई प्रश्न नहीं करती। इसीलिए सभी उसे संकोची लड़की के नाम से जानते। वैसे तो उसकी कक्षा में अन्य संकोची लड़कियाँ भी थीं, लेकिन बिल्कुल शांत रहने के कारण संकोची कहते ही जिसकी तसवीर उभरती वह सोनिया ही थी। उसके माता-पिता भी उसके इस स्वभाव से चिंतित रहते।

सोनिया के पिता सरकारी अधिकार थे। उनका सिर्फ दफ्तर में ही नहीं, समाज में भी दबदबा था। वह सोनिया के स्वभाव को लेकर चिंतित तो थे, लेकिन वह सोचते कि शायद यह उसका पैतृक गुण हो। क्योंकि वह खुद भी शुरू में बहुत संकोची थे, और बाद में ही मुखर हो सके थे।

जब छटी कक्षा तक संकोच ने सोनिया का पीछा नहीं छोड़ा तो उसकी माँ की चिंता बढ़ गई। क्योंकि लोग सोनिया को सीधी-सादी लड़की कहतें, तो माँ समझ जातीं कि वे उसे दब्बू व मूर्ख कहना चाहते हैं। एक दिन काजल की माँ ने व्यंग्य भरे लहजे में सोनिया की माँ से कहा, 'सोनिया की मम्मी, इस बात को गंभीरता से लो। लड़की का संकोची होना अच्छी बात नहीं है। आज की दुनिया तो ऐसी भोली लड़की की चैन से नहीं जीने देती। आप इसे किसी मनोचिकित्सक को दिखाएँ। जिनके घर में विचार-विमर्श, लिखने-पढ़ने का माहौल न हो, उनके बच्चे ऐसे हों तो कोई बात नहीं, लेकिन आपके घर में ।'



'नहीं-नहीं, ऐसी कोई बात नहीं, बच्चों का अपना-अपना स्वभाव होता हैं। आगे चलकर यह भी तेज हो जाएगी।' कहकर सोनिया की माँ ने काजल की माँ को टालना चाहा। उन्हें काजल की माँ की बात अच्छी नहीं लगी थी।

सोनिया अपनी कक्षा में बोलने में जितनी संकोची थी, उतनी ही पढ़ाई-लिखाई में होशियार थी। यह बात उसके घर वालों के साथ-साथ अध्यापकों को भी पता थी। कक्षा की अधिकांश लड़कियों का ध्यान पढ़ने में कम, दूसरी बातों में अधिक रहता। कक्षा में भी वे पढ़ाई की कम और इधर-उधर की बातें ज्यादा करतीं। वे अपने अध्यापक-अध्यापिकाओं की नकल उतारती रहतीं। इन्हीं लड़कियों में से नीरू, सीमा और पर्णिका सोनिया की सहेलियाँ बन गई।

अध्यापक जब ब्लैक बोर्ड पर सवाल लिखने खड़े होते तो सीमा व नीरू अपने-अपने बस्तों से कागज की लंबी पूँछ निकालने लग जातीं। जब बच्चे अध्यापक के प्रश्न का उत्तर देने खड़े होते तो उनके पीछे कागज की पूँछ देखकर पूरी कक्षा में ठहाका लगता। सोनिया को यह बुरा तो लगता, लेकिन अपने संकोची स्वभाव के कारण उनकी शिकायत नहीं कर पाती थी। वैसे वो अध्यापक भी सोनिया की इन सहेलियों को मुँह नहीं लगना चाहते थे। वे जब-तब अध्यापकों को भी भला-बुरा कहने में न हिचकिचाती थीं। इसलिए कोई भी अध्यापक उनसे कुछ भी न पूछता था। इससे निर्भय होकर उनकी शरारतें और भी बढ़ गई थीं।

एक दिन सोनिया की माँ को कहीं नीरू और पर्णिका मिल गई। वे दोनों लगीं सोनिया की बुराई करने लगीं, 'आंटी, सोनिया बिल्कुल भी नहीं पढ़ती। जब सर उससे कुछ पूछते हैं तो वह जवाब भी नहीं देती। बस रोने बैठ जाती है। वह स्कूल का काम भी पूरा नहीं करतीं, टेस्ट में उसका 'सी' आता है। डर के मारे वह ठीक से चल भी नहीं पाती। वह इतना धीरे चलती हैं कि चलने में भी संकोच लगता है। वह बहुत डरपोक हैं, आंटी।'

सोनिया की माँ ने उसके पिता से उसकी सहेलियों की बात बताई। सोनिया भी वहीं थीं, लेकिन उसने कोई प्रतिवाद नहीं किया। पिता ने जब सोनिया की रिपोर्ट-बुक देखी तो उसे किसी भी विषय में 'सी' ग्रेड नहीं मिला था। वह हर विषय में अच्छे नंबर लाई थी।

आखिरकार सोनिया के पिता ने सोनिया को अपने पास बुलाया और कहा, 'देखो बेटी, तुम पढ़ने में तेज हो, तुम्हारा स्वास्थ्य अच्छा है, तुम किसी से कम नहीं हो, फिर तुम इन लड़कियों की बकवास बातों का प्रतिरोध क्यों नहीं करती हो? इनके सामने चुप मत रहो, इन्हें समझाओ कि वे गलत कर रही हैं, अगर नहीं मानती तो इनसे किनारा कर लो।

सबसे अच्छी मित्र तो किताबें ही होती हैं, जो आगे बढ़ने का रास्ता दिखाती हैं। जबकि तुम्हारी ऐसी सहेलियाँ कभी नहीं चाहेंगी कि तुम अपना नाम रोशन करो। डरती तुम नहीं, डरती तो वे हैं। उन्हें इस बात का डर है कि तुम्हारे अगर अच्छे नंबर आएँगे तो उनकी पोल खुलेगी। तुम्हें किस बात का डर? न तो तुमने कोई चोरी की है, न किसी से उधार लिया है। तुम क्यों डरोगी? बस तुम्हें मुखर होना है, अपनी इन सहेलियों से पढ़ाई का कोई न कोई प्रश्न करती रहोगी तो वे या तो पढ़ने में रूचि लेंगी या फिर खुद तुमसे दूर हो जाएँगी। कोई गलत बात कहता है तो तर्कों का सहारा लो। तुम्हारे पास ज्ञान का भंडार है, फिर संकोच कैसा?'

पिता की बात का सोनिया पर गहरा असर हुआ था। वह बोली, 'पापा, आप यह समझिए कि मेरे डर और संकोच का यह आखिरी दिन हैं। अब अगर कोई मेरे बारे में ऐसी बात करेगा तो मैं उसे देख लूँगी। पढ़ाई-लिखाई में मैं उन लड़कियों से ज्यादा तेज हूँ, मुझे उनसे ज्यादा बोलना आता है। एक दिन मैं आपको कुछ बनकर दिखाऊँगी।' सोनिया के चेहरे से आत्मविश्वास फूट रहा था। सोनिया की माँ ने उसे सीने से लगा लिया।

## भगवान के भरोसे



सूर्य अस्त हो चला था। आकाश में बादल छाए हुए थे। नीम के एक पेड़ पर ढेर सारे कौवे रात बिताने के लिए बैठे हुए थे। कौवे अपनी आदत के अनुसार, आपस में एक-दूसरे से काँव-काँव करते हुए झगड़ रहे थे। उसी समय एक मैना आई और रात बिताने के लिए नीम के उस पेड़ की एक डाल पर बैठ गई। मैना को देखकर सभी कौवे उसकी ओर देखने लगे।

बेचारी मैना सहम गई। डरते हुए बोली, अँधेरा हो गया है। आसमान मे बादल छाए हुए है। किसी भी समय पानी बरस सकता है। मैं अपना ठिकाना भूल गई हूँ। आज रात भर मुझे भी इस पेड़ की एक डाल के एक कोने में रात बिता लेने दो।

कौवे भला कब उसकी बात मानते। उन्होंने कहा, यह नहीं हो सकता। यह पेड़ हमारा है। तुम इस पेड़ नहीं बैठ सकती हो। भागो यहाँ से।

कौवों की बात सुनकर बड़े ही दीन स्वर में मैना बोली, पेड़ तो सभी भगवान के हैं। यदि बरसात होने लगी और ओले पड़ने लगे, तो भगवान ही सबको बचा सकता है। मैं बहुत छोटी हूँ। तुम लोगों की बहन हूँ। मेरे ऊपर दया करके रात बिता लेने दो।

मैना की बात सुनकर सभी कौवे हँसने लगे। फिर बोले, हम लोगों को तेरी जैसी बहन की कोई जरूरत नहीं है। तू भगवान का नाम बहुत ले रही है, तो भगवान के सहारे यहाँ से जाती क्यों नहीं? यदि तू यहाँ से नहीं जाएगी, तो हम सब मिलकर तुझे मार भगाएँगे। और सभी कौवे मैना को मारने के लिए उसकी ओर दौड़ पड़े।

कौवों को काँव-काँव करते हुए अपनी ओर आते देखकर मैना वहाँ से जान बचाकर भागी। वहाँ से थोड़ी दूर एक आम के पेड़ पर अकेले ही रात बिताने के लिए मैना एक कोने में छिपकर बैठ गई।

रात में तेज हवा चली। कुछ देर बाद बादल बरसने लगे और इसके साथ ही बड़े-बड़े ओले भी पड़ने लगे। ओलों की मार से बहुत से कौवे घायल होकर जमीन पर गिरने लगे। कुछ तो मर भी गए।

मैना आम के जिस पेड़ पर बैठी थी, उस पेड़ की एक डाल टूट गई। आम की वह डाल अन्दर से खोखली थी। डाल टूटने की वजह से डाल के अन्दर के खाली स्थान में मैना छिप गई। डाल में छिप जाने की वजह से मैना को न तो हवा लगी और न ही ओले ही उसका कुछ बिगाड़ पाए। वह रात भर आराम से बैठी रही।

सवेरा होने पर जब सूरज निकला, तो मैना उस खोह से निकली और खुशी से गाती-नाचती हुई ईश्वर को प्रणाम किया। फिर आकाश में उड़ चली। मैना को आराम से उड़ते हुए देखकर, जमीन पर पड़े घायल कौवों ने कहा, अरी मैना बहन, तुम रात को कहाँ थीं? तुम्हें ओलों की मार से किसने बचाया?

मैना बोली, मैं आम की डाली पर बैठी ईश्वर से प्रार्थना कर रही थी कि हे ईश्वर! दुखी और असहाय लोगों की रक्षा करना। उसने मेरी प्रार्थना सुन ली और उसी ने मेरी भी रक्षा की।

मैना फिर बोली, हे कौवों सुनो, भगवान ने केवल मेरी रक्षा ही नहीं की। वह तो जो भी उस पर विश्वास करता है और उसकी प्रार्थना करता है, उसे याद करता है, तथा भरोसा करता है, ईश्वर उसकी रक्षा अवश्य ही करता है और कठिन समय में उसे बचाता भी है।

## जादू की छड़ी

एक रात की बात है शालू अपने बिस्तर पर लेटी थी। अचानक उसके कमरे की खिड़की पर बिजली चमकी। शालू घबराकर उठ गई। उसने देखा कि खिड़की के पास एक बुढिया हवा मे उड़ रही थी। बुढ़िया खिड़की के पास आइ और बोली शालू तुम मुझे अच्छी लड़की लगती हो। इसलिए मैं तुम्हे कुछ देना चाहती हूँ।' शालू यह सुनकर बहुत खुश हुई।

बुढिया ने शालू को एक छड़ी देते हुए कहा शालू ये जादू की छड़ी है। तुम इसे जिस भी चीज की तरफ मोड़ कर दो बार घुमाओगी वह चीज गायब हो जाएगी।' अगले दिन सुबह शालू वह छड़ी अपने स्कूल ले गई। वहा उसने शैतानी करना शुरू किया। उसने पहले अपने सामने बैठी लड़की की किताब गायब कर दी फिर कइ बच्चों की रबर और पेंसिलें भी गायब कर दीं। किसी को भी पता न चला कि यह शालू की छड़ी की करामात है।



जब वह घर पहुँची तब भी उसकी शरारतें बंद नही हुई। शालू को इस खेल में बडा मजा आ रहा था। रसोई के दरवाजे के सामने एक कुरसी रखी ती। उसने सोचा, क्यों न मै इस कुरसी को गायब कर दूँ। जैसे ही उसने छडी घुमाई वैसे ही शालू की माँ रसोइ से बाहर निकल कर कुरसी के सामने से गुजरीं और कुरसी की जगह शालू की माँ गायब हो गईं।

शालू बहुत घबरा गई और रोने लगी। इतने ही में उसके सामने वह बुढिया प्रकट हुई। शालू ने बुढिया को सारी बात बताई। बुढिया ने शालू से कहा मै तुम्हारी माँ को वापस ला सकती हूं लेकिन उसके बाद मै तुमसे ये जादू की छडी वापस ले लूंगी।'

शालू बोली तुम्हे जो भी चाहिए ले लो लेकिन मुझे मेरी माँ वापस ला दो।' तब बुढिया ने एक जादुई मंत्र पढ़ा और देखते ही देखते शालू की माँ वापस आ गई। शालू ने मुड़ कर बुढ़िया का शुक्रिया अदा करना चाहा लेकिन तब तक बुढ़िया बहुत दूर बादलों में जा चुकी थी। शालू अपनी माँ को वापस पाकर बहुत खुश हुई और दौडकर गले से लग गई।

# भव्य, दिव्य अद्भुत महाकुंभ, संगम घाट से देखिए मनमोहक तस्वीरें








मकर संक्रांति के अवसर पर दशाश्वमेध घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा में पवित्र डुबकी लगाई

## एक साथ चुनाव के लिए आयोग ने 800 अतिरिक्त भंडारागारों की आवश्यकता का अनुमान लगाया

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने की स्थिति में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और अन्य उपकरणों के भंडारण के लिए देश भर में 800 अतिरिक्त भंडारागारों की आवश्यकता का अनुमान लगाया है। निर्वाचन आयोग ने भंडारागारों के निर्माण को एक ऐसी 'दुष्कर प्रक्रिया' करार दिया, जिसमें लागत अपरिहार्य है। भूमि और निर्माण की लागत संबंधित राज्य सरकारों द्वारा वहन की जाती है। आयोग ने मार्च 2023 में केंद्रीय कानून मंत्रालय में विधि आयोग और कानूनी मामलों के विभाग के साथ एक साथ चुनाव कराने के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए थे।

## न्यूज अपडेट

### मेघालय में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, सात लोग गिरफ्तार

**शिलांग :** मेघालय में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ होने के बाद सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार शाम दावकी के निकट चार बांग्लादेशी नागरिकों और तीन भारतीय दलालों को पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे तभी बीएसएफ के जवानों ने उन्हें रोक दिया। अधिकारियों के अनुसार पूछताछ के दौरान बांग्लादेशी नागरिकों ने कहा कि वे भारत में बसने की योजना बना रहे थे और उन्होंने तीन दलालों की मदद मांगी थी। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों पुलिस के हवाले कर दिया गया है और उन्हें आधिकारिक रूप से गिरफ्तार किया जा चुका है। उनके खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि आरोप है कि गिरोह भारत में अवैध रूप से प्रवेश कराने के लिए प्रति व्यक्ति 10,000 से 20,000 रुपये तक वसूल रहा था।

### वक्फ विधेयक पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है, जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे: मेघवाल

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक पर काम अच्छी गति से आगे बढ़ रहा है और जल्द ही इसके "सकारात्मक परिणाम" सामने आएंगे। वर्तमान में एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी पत्रिका "पाञ्चजन्य" द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेघवाल ने "विचाराधीन" उपासना स्थल अधिनियम पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि यदि उच्चतम न्यायालय केंद्र से हलफनामा दाखिल करने को कहता है तो वह ऐसा हलफनामा दाखिल करेगा जो "राष्ट्रीय हित" में होगा।

### कांग्रेस ने दिल्ली के लिए 15 और उम्मीदवार घोषित किए, पटेल नगर से कृष्णा तीरथ को टिकट

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 15 और उम्मीदवार घोषित कर दिए जिनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णा तीरथ का नाम प्रमुख है जिन्हें पटेल नगर से टिकट दिया है। कांग्रेस ने 70 सदस्यीय विधानसभा चुनाव के लिए अब तक कुल 63 उम्मीदवार घोषित कर दिए है। इससे पहले तीन अलग-अलग सूचियों में कुल 48 प्रत्याशी घोषित किए गए थे। कांग्रेस उम्मीदवारों की इस चौथी सूची में हालांकि कुल 16 नाम हैं, जिनमें से एक नाम ईश्वर बागरी का है जिन्हें प्रमोद जयंत के स्थान पर गोकुलपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। इससे पहले गोकुलपुर से जयंत का नाम घोषित किया गया था। पार्टी ने मुस्लिम बहुल विधानसभा क्षेत्र ओखला से निगम पार्षद अरीबा खान को टिकट दिया है। ओखला में कांग्रेस की अरीबा खान, भाजपा के मनीष चौधरी और आम आदमी पार्टी के मौजूदा विधायक अमानतुल्ला खान के बीच कड़ा त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद है।

### विजन-2047: भारत ने मौसम का 100 प्रतिशत सटीक अनुमान लगाने, शून्य मृत्यु का लक्ष्य रखा

**नयी दिल्ली :** भारत का लक्ष्य 2047 तक गांव और घरेलू स्तर पर सभी प्रकार के गंभीर मौसम का शत-प्रतिशत सटीक अनुमान लगाना और ऐसी घटनाओं से होने वाली जान-माल की हानि को शून्य तक कम करना है। यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मंगलवार को जारी किए गए भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के विजन-2047 दस्तावेज में कही गई है। आईएमडी की 150वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर जारी दस्तावेज के अनुसार, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर सभी गंभीर मौसम की घटनाओं के संबंध में मौसम विभाग ने तीन दिन तक 100 प्रतिशत, पांच दिन तक 90 प्रतिशत, सात दिन तक 80 प्रतिशत और 10 दिन तक के लिए 70 दिन तक पूर्वानुमान सटीकता का लक्ष्य रखा है। दस्तावेज में कहा गया है कि उपग्रहों और रडार जैसी दूर संवेदी प्रौद्योगिकियों द्वारा समर्थित और गाँव स्तर पर अवलोकन प्रणालियों को बढ़ाकर भारत 2047 तक सभी प्रकार के गंभीर मौसम का 100 प्रतिशत सटीक अनुमान लगाने की योजना बना रहा है। इसका लक्ष्य आपदा प्रबंधकों, हितधारकों और जनता को समय पर चेतावनियों के आधार पर शीघ्र कार्रवाई करने में सक्षम बनाकर गंभीर मौसम की घटनाओं से शून्य मृत्यु सुनिश्चित करना है। मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। आईएमडी की स्थापना को बुधवार को 150 साल हो जाएंगे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### असम में नौ करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, चार लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** असम के कामरूप जिले में मंगलवार को नौ करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की गई तथा इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) को सूचना मिली थी कि मणिपुर के चुराचांदपुर जिले का एक परिवार एक वाहन में मादक पदार्थ रखकर हाजो और गोरेस्वर क्षेत्रों में तस्करों तक पहुंचाएगा। अधिकारी ने बताया कि सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्याण पाठक के नेतृत्व में एसटीएफ की टीम ने अमीनगांव इलाके में वाहन को रोका और उसपर साबुन के 94 डिब्बों में छिपाकर रखी गई 1.128 ग्राम हेरोइन जब्त की।

### तमिलनाडु में ट्रेन का डिब्बा पटरी से उतरा, सेवाएं कुछ समय के लिए बाधित रहीं

**विल्लुपुरम :** पुडुचेरी जा रही एमईएमयू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) ट्रेन का एक पहिया मंगलवार को यहां रेलवे यार्ड में शंटिंग प्रक्रिया के दौरान पटरी से उतर गया। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। दक्षिण रेलवे ने यह जानकारी दी। रेलवे की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि एमईएमयू ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों को दादर-पुडुचेरी एक्सप्रेस में बिठाया गया, जिसे पुडुचेरी के रास्ते में सभी स्टेशनों पर रोका गया ताकि बिना किसी देरी के उनकी यात्रा सुनिश्चित की जा सके। विज्ञप्ति के मुताबिक, " इस दौरान मुख्य लाइन पर ट्रेनों के परिचालन में कोई बाधा नहीं आई। हालांकि, पटरी से उतरने के कारण पुडुचेरी की ओर जाने वाली ट्रेनों की आवाजाही कुछ समय के लिए प्रभावित हुई। आज सुबह 8.40 बजे पूरी लाइन ट्रेनों के परिचालन के लिए खोल दी गई और सामान्य रेल सेवाएं बहाल हो गईं।"

### इंडिगो की गोवा-मुंबई उड़ान को बम की झूठी धमकी मिली

**मुंबई :** इंडिगो की गोवा-मुंबई उड़ान में सोमवार शाम को बम रखे होने की धमकी मिली, जो बाद में सुरक्षा जांच के पश्चात झूठी निकली। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि मुंबई हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उड़ान 6ई 5101 के विमान को अलग ले जा गया गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित तरीके से नीचे उतारा गया। प्रवक्ता ने कहा, "सभी मानक परिचालन प्रक्रियाओं का पालन किया गया और संबंधित अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद विमान को टर्मिनल पर वापस भेज दिया गया।"

## शाह ने गुजरात में मनाया उत्तरायण का पर्व, पतंग उड़ाने का आनंद लिया

**अहमदाबाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को गुजरात की अपनी तीन दिवसीय यात्रा शुरू की जिसमें उन्होंने पहले दिन मकर संक्रांति के मौके पर स्थानीय लोगों के साथ पतंग उड़ाने का आनंद लिया। राज्य सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार, शाह ने उत्तरायण पर्व के अवसर पर आज सुबह शहर के मेमनगर इलाके में शांतिनिकेतन अपार्टमेंट की छत पर पतंग उड़ाई। गुजरात में मकर संक्रांति को उत्तरायण भी कहा जाता है। गांधीनगर से लोकसभा सदस्य शाह के साथ इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, शहर की महापौर प्रतिभा जैन, उप महापौर जतिन पटेल और स्थानीय भाजपा नेता तथा निगम पार्षद थे। विज्ञप्ति के अनुसार शाह, उनकी पत्नी सोनलबेन और पुत्र जय शाह ने जमालपुर क्षेत्र में स्थित जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। गृह मंत्री आज घाटलोदिया इलाके में 920 आवासों और एक नए पुलिस थाना भवन की आधारशिला रखेंगे। विज्ञप्ति में जानकारी दी गई कि बुधवार को वह अंबोद गांव के पास साबरमती नदी के एक बैराज की आधारशिला रखेंगे और इसी स्थान से गांधीनगर के मनसा में एक सर्किट हाउस का उद्घाटन वर्चुअल तरीके से करेंगे।



## गुजरात में पतंग के मांझे से गला कटने से चार व्यक्तियों की मौत

**अहमदाबाद :** गुजरात में मंगलवार को उत्तरायण उत्सव के दौरान पतंग के मांझे से गला कटने से चार वर्षीय एक बालक समेत चार व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राजकोट, पंचमहाल, मेहसाणा और सुरेन्द्रनगर जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई, जबकि राज्य भर में कई लोगों के घायल होने की खबर है। स्थानीय पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पंचमहाल जिले के हलोल कस्बे में कुणाल परमार (चार) की गर्दन पतंग के मांझे से कटने से अत्यधिक खून बहने से मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि कुणाल अपने पिता के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाजार से पतंग और गुब्बारे खरीदने जा रहा था, तभी मांझे का एक टुकड़ा उसकी गर्दन में फंस गया, जिससे उसके गर्दन पर गहरा घाव हो गया। अधिकारी ने कहा, "बालक को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।" मेहसाणा जिले के वडनगर तालुका में किसान मनसाजी ठाकोर (35) की मौत हो गई। वडनगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, " मनसाजी ठाकोर मोटरसाइकिल से अपने गांव वडबार में अपने खेत जा रहा था, तभी पतंग के मांझे से उसकी गर्दन कट गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।" राजकोट शहर के बाहरी इलाके में मोटरसाइकिल सवार एक अज्ञात व्यक्ति की भी इसी तरह मौत हो गई।

## मोहन भागवत संविधान निर्माता नहीं हैं : संजय राउत



**मुंबई :** शिवसेना (उबाठा) के सांसद संजय राउत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान पर आपत्ति जताई है कि भारत को "सच्ची आजादी" तब मिली जब अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। राउत ने भागवत के बयान पर आपत्ति जताते हुए मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख संविधान के निर्माता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए नहीं किया जाना चाहिए। राउत ने आरएसएस प्रमुख की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही है। आरएसएस प्रमुख ने अपनी टिप्पणी में कहा है कि सदियों तक विदेशी आक्रमणों को झेलने वाले भारत को सच्ची आजादी पिछले साल अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के साथ मिली। राउत ने यहां संवाददाताओं से कहा, "आरएसएस प्रमुख एक सम्मानित व्यक्ति हैं, लेकिन वे संविधान के निर्माता नहीं हैं। वे इस देश के कानूनों का मसौदा तैयार नहीं करते या उनमें बदलाव नहीं करते।

## महाकुंभ 2025: ट्रेन और सुविधाओं की निगरानी के लिए रेल भवन में 'वॉर रूम' स्थापित किया गया

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय द्वारा दिल्ली स्थित रेल भवन में एक 'वॉर रूम' स्थापित किया गया है जो प्रयागराज के नौ स्टेशनों और आसपास के इलाकों में लगाए गए कैमरों के जरिये विभिन्न ट्रेन की आवाजाही और यात्री सेवाओं के बारे में सातों दिन 24 घंटे सीधी जानकारी मुहैया कराएगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। मंत्रालय ने देश भर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्था की है। इसने स्क्रीन पर सीधे प्रसारण की 24 घंटे निगरानी के लिए 'वॉर रूम' में वाणिज्यिक, तकनीकी, सुरक्षा आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों के दो दर्जन से अधिक रेलवे अधिकारियों और विशेषज्ञों को विभिन्न पालियों में तैनात किया है। इसके अलावा संबंधित कर्मचारियों को सलाह दी गई है कि जरूरत पड़ने पर सुधारात्मक कदम उठाएं। नौ स्टेशन जहां देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं उनमें प्रयागराज, नैनी, प्रयागराज छिवकी, सूबेदारगंज, प्रयागराज संगम, प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ जंक्शन, प्रयागराज रामबाग स्टेशन और झूंसी स्टेशन शामिल हैं। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना और प्रचार) दिलीप कुमार ने कहा, "सीधे प्रसारण की निगरानी कई स्तरों पर की जा रही है और सबसे ऊंचा स्तर नयी दिल्ली के रेल भवन में है। पहला स्तर प्लेटफॉर्म निगरानी रूम है जहां स्क्रीन प्लेटफॉर्म पर स्थापित कैमरों से सीधा प्रसारण कर रही है। इसके बाद स्टेशन की निगरानी आती है जहां एक स्टेशन के कई प्लेटफॉर्म की निगरानी की जा रही है। इसी तरह मंडल, जिला और जोनल स्तर पर भी निगरानी की जा रही है।" उन्होंने कहा, "दिल्ली में 'वॉर रूम' जिला अधिकारियों और रेलवे अधिकारियों के बीच प्रभावी समन्वय की सुविधा प्रदान कर रहा है, जिससे तत्काल सहायता और परिचालन दक्षता सुनिश्चित हो रही है।"

## राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं पूर्व सैनिक : सेना प्रमुख




**पुणे :** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को यहां कहा कि सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों के अनुभव और प्रतिबद्धता का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए किया जा सकता है। नौवें पूर्व सैनिक दिवस पर पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि इस दिन का बहुत महत्व है क्योंकि यह उन बहादुर योद्धाओं को सम्मानित करने के लिए है जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, "हमारे देश के उन वीर रक्षकों को संबोधित करना और उनके प्रति सम्मान प्रकट करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, जो सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज के लिए योगदान देना जारी रखते हैं।" सेना प्रमुख ने कहा कि भारत एक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसके लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। जनरल द्विवेदी ने कहा, "यदि हम अपने समुदाय की सामूहिक शक्ति, 24 लाख भूतपूर्व सैनिकों, सात लाख वीर नारियों, 28 लाख पंजीकृत आश्रितों, 12 लाख सेवारत सैनिकों, उनके 24 लाख आश्रितों और परिवार के अन्य 28 सदस्यों पर विचार करें तो यह संख्या अविश्वसनीय रूप से 1.25 करोड़ है।" उन्होंने कहा, "अनुभव, अनुशासन और अटूट प्रतिबद्धता से समृद्ध यह मानव पूंजी राष्ट्र निर्माण के प्रयासों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की क्षमता रखती है।" उन्होंने कहा कि इस दृष्टिकोण के अनुरूप, भारतीय सेना राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है। सेना प्रमुख ने कहा, "पूर्व सैनिकों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने के अवसरों का विस्तार करने के प्रयास चल रहे हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण की नींव मजबूत होगी।" जनरल द्विवेदी ने आगे कहा कि इस प्रयास के दो पहलू हैं, जिन्हें समानांतर रूप से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, "पहला, राज्य अपने काम में पूर्व सैनिकों को शामिल करने से कैसे लाभान्वित हो सकता है, और दूसरा, मान्यता और योगदान का एक पूरक संबंध स्थापित करना, जो पूर्व सैनिकों और राज्य सरकार दोनों के लिए कारगर स्थिति पैदा करता है।" उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर भी इसी तरह की कार्रवाई पर विचार किया जा रहा है।

## लद्दाख में सड़क दुर्घटना में पांच व्यक्तियों की मौत, दो अन्य घायल

**करगिल :** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर के बाद दोनों वाहन 500 फुट गहरी खाई में गिर गए। इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना अपराह्न करीब एक बजे शिलिकचाय के पास कटपकासा में हुई। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में द्रास जा रहा एक चार पहिया वाहन और करगिल की ओर आ रहा एक अन्य वाहन शामिल था। पुलिस ने बताया कि दोनों वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई जिससे दोनों वाहन खाई में गिर गए। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बचावकर्मियों ने गंभीर रूप से घायल दो लोगों को अस्पताल पहुंचाया।

## जम्मू कश्मीर वैष्णो देवी मंदिर की प्राकृतिक गुफा श्रद्धालुओं के लिए खोली गयी

**कटरा/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकूटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की प्राकृतिक गुफा को मंगलवार को मकर संक्रांति उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विशेष पूजा-अर्चना के बाद पुरानी गुफा के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उन्होंने बताया कि इस पूजा-अर्चना में 'श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग भी शामिल हुए। मंदिर के गर्भगृह के भीतर स्थित प्राकृतिक गुफा को आमतौर पर सर्दी के महीनों में खोला जाता है, जब भक्तों की भीड़ कम होती है। कई भक्त प्राकृतिक गुफा के माध्यम से मंदिर में दर्शन करने के लिए उत्सुकता से उस दिन का इंतजार करते हैं। यह गुफा सुरक्षा कारणों से साल में अधिकांश समय बंद रहती है। गर्ग ने कहा, "श्रद्धालुओं की भीड़ के आधार पर आज से प्राकृतिक गुफा उनके लिए खोल दी गई है। हम तीर्थयात्रियों को पुरानी गुफा के दर्शन की अनुमति तभी देंगे, जब उनकी संख्या 10,000 से कम होगी ताकि उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो।" उन्होंने कहा कि नयी गुफा से तीर्थयात्री सुचारू रूप से आगे बढ़ रहे हैं, क्योंकि वहां बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के लिए जगह है और उन्हें कोई कठिनाई नहीं होती है। अधिकारियों ने बताया कि नया साल शुरू होने से अबतक 1.50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने वैष्णो देवी के दर्शन किये हैं। पिछले वर्ष 94.83 लाख तीर्थयात्री इस पवित्र तीर्थस्थल पर आये थे, जो एक दशक में श्रद्धालुओं की दूसरी सबसे बड़ी संख्या है।

# क्रिकेटरों के साथ पत्नियों के दौरे पर लगाम कसना चाहता है बीसीसीआई

- निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपना सकता है सख्त रवैया
- सीमित समय तक ही परिवार को साथ रख सकेंगे खिलाड़ी
- निर्धारित सीमा के अधिक वजन का भुगतान नहीं करेगा बोर्ड



**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद कई अनुशासनात्मक कदम उठाने पर विचार कर रहा है जिसमें विदेशी दौरों में क्रिकेटरों की पत्नियों की उपस्थिति सीमित करना तथा कोच और खिलाड़ियों के मैनेजरों को टीम बस में यात्रा करने से रोकना शामिल है। अगर बीसीसीआई यह फैसला करता है तो 45 दिन या उससे अधिक दिनों के दौरे पर खिलाड़ी अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों को केवल दो सप्ताह तक ही अपने साथ रख पाएंगे। अगर दौरा 45 दिन से कम समय का है तो यह अवधि एक सप्ताह की हो सकती है। इसके अलावा खिलाड़ी विदेश दौरे के दौरान किसी अन्य वाहन में यात्रा नहीं कर सकते हैं और उन्हें टीम बस का ही उपयोग करना होगा। अधिकतर खिलाड़ी इस नियम का पालन करते हैं लेकिन कुछ अवसरों पर खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य अन्य वाहन का उपयोग कर लेते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के निराशाजनक प्रदर्शन पर बुलाई गई समीक्षा बैठक में इन विषयों पर चर्चा की गई लेकिन इनमें से किसी को भी तुरंत प्रभाव से लागू नहीं किया गया है। खिलाड़ियों और कोच के मैनेजरों का टीम बस में यात्रा करना का मुद्दा तब सामने आया जब ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान कोचिंग स्टाफ के एक सीनियर सदस्य के मैनेजर को टीम बस में यात्रा करने की अनुमति दी गई। भारत पांच मैच की इस श्रृंखला में 1–3 से हार गया था। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, 'निजी मैनेजर के टीम बस में यात्रा करने से भ्रष्टाचार निरोधी इकाई के सदस्यों के कान भी खड़े हो जाते हैं। इस पर भविष्य में लगाम कसी जाएगी। जहां तक विदेशी दौरों में पत्नियों की उपस्थिति की बात है तो बैठक में इस पर चर्चा की गई और इस बारे में जल्द ही फैसला किया जाएगा।' उन्होंने कहा, 'इसके अलावा सभी खिलाड़ियों और कोचों को टीम बस से ही यात्रा करनी चाहिए। हमेशा ऐसा होता रहा है लेकिन पिछले कुछ समय से देखने को मिल रहा है कि खिलाड़ी अन्य वाहनों का भी उपयोग करने लगे हैं।' ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान एक रिजर्व खिलाड़ी की पत्नी ने अपने यूट्यूब चैनल के लिए वीडियो बनाया था जिसमें टीम से जुड़े पर्दे के पीछे के दृश्य भी दिखाए गए हैं और टीम बस में यात्रा के दृश्य भी शामिल हैं। सूत्र ने बताया कि एक अन्य नियम जिसे लागू किया जा सकता है वह यात्रा के दौरान खिलाड़ियों के सामान से जुड़ा हुआ है। अगर किसी खिलाड़ी के सामान का वजन 150 किग्रा से अधिक होता है तो बीसीसीआई उस अतिरिक्त वजन का भुगतान नहीं करेगा। खिलाड़ी को इसका भुगतान स्वयं करना होगा। इस समीक्षा बैठक में कप्तान रोहित शर्मा और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत आगरकर सहित टीम प्रबंधन भी हिस्सा लिया। भारतीय टेस्ट टीम का अगला विदेशी दौरा जून में होगा। भारतीय टीम पर इंग्लैंड दौरे पर जाएगी।

### चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद गंभीर के भविष्य की समीक्षा करेगा बीसीसीआई

भारतीय टीम में 'सुपरस्टार संस्कृति' खत्म करने पर उनके लगातार जोर देने के कारण ड्रेसिंग रूम में असंतोष की अटकलों के बीच मुख्य कोच गौतम गंभीर के भविष्य के बारे में अगले महीने चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के प्रदर्शन के आधार पर समीक्षा की जायेगी। पिछले साल जुलाई में गंभीर के पद संभालने के बाद भारत ने दस में से छह टेस्ट और श्रीलंका में एक द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला गंवाई है। इसके और अपने खराब फॉर्म के कारण विराट कोहली और रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय कैरियर को लेकर भी अटकलों का बाजार गर्म है। इसके साथ ही गंभीर की स्थिति भी अब उतनी मजबूत नहीं है। बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, 'अगर भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती तो मुख्य कोच की स्थिति भी खराब होगी। उनका अनुबंध 2027 विश्व कप तक है लेकिन समीक्षा जारी रहेगी।' उन्होंने कहा, 'खेल में नतीजे अहम होते हैं और अभी तक गंभीर ने ठोस नतीजे नहीं दिये हैं।'

## मुंबई रणजी टीम के साथ रोहित ने किया अभ्यास

**मुंबई :** खराब दौर से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले मंगलवार को मुंबई टीम के साथ अभ्यास किया लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह आगामी मैच में खेलेंगे या नहीं। सैंतीस वर्ष के रोहित आस्ट्रेलिया दौरे पर बेहद खराब फॉर्म में थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट में सिर्फ 31 रन बनाये और सिडनी में पांचवें तथा आखिरी टेस्ट के कारण खुद बाहर रहने का फैसला किया। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर सुबह कुछ घंटे चले अभ्यास सत्र में भाग लिया। उन्होंने मुंबई के दिग्गज और भारत के अपने साथी खिलाड़ी रहे अजिंक्य रहाणे के साथ बल्लेबाजी की। मुंबई क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा, 'टूर्नामेंटों के बीच अंतर होने पर प्रक्रिया यही होती है कि टीम प्रबंधन खिलाड़ियों से उनकी उपलब्धता के बारे में पूछता है।' उन्होंने कहा, 'रोहित से 23 जनवरी को जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के लिये टीम के चयन के समय पूछा जायेगा।' रोहित ने सिडनी टेस्ट में जसप्रीत बुमराह को कप्तानी सौंप दी थी जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगने लगी।

## न्यूज अपडेट

### बुमराह दिसंबर महीने के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने



**दुबई :** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दिसंबर महीने के लिए आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया है। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन को पछाड़कर इस खिताब को अपने नाम किया। बुमराह अपने दम पर भारतीय गेंदबाजी की अगुवाई करते हुए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दिसंबर में खेले गये तीन टेस्ट मैचों में 14.22 की शानदार औसत से 22 विकेट चटकाये। उन्होंने पांच जनवरी को खत्म हुई श्रृंखला के पांच मैचों में 32 विकेट लिये। इस दौरे का पहला टेस्ट मैच नवंबर में खेला गया था। बुमराह ने एडीलेड में खेले गये दिन रात्रि टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटक कर मैच में भारत की वापसी कराई थी लेकिन बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन से टीम ने इस मैच को गंवा दिया। उन्होंने ब्रिसबेन में खेले गये तीसरे टेस्ट की पहली पारी में छह और मैच में नौ विकेट लिये जिससे भारत मैच ड्रॉ करने में सफल रहा। उन्होंने इसके बाद मेलबर्न में खेले गये बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट चटकाये। उनकी इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद भारत ने इस मैच को 184 रन से गंवा दिया। वह इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 20 की कम औसत से 200 विकेट पूरे करने वाले पहले गेंदबाज बने।

### कोहली, पंत का नाम दिल्ली के रणजी संभावितों में शामिल लेकिन भागीदारी पर संदेह

**नयी दिल्ली :** भारतीय दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और ऋषभ पंत रणजी ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए दिल्ली के संभावित खिलाड़ियों में शामिल हैं लेकिन लाल गेंद की इस शीर्ष घरेलू प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी पर संदेह बना हुआ है। भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री उन कई पूर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो चाहते हैं कि मौजूदा पीढ़ी खासकर संघर्ष कर रहे रोहित शर्मा और कोहली लाल गेंद प्रारूप में घरेलू क्रिकेट खेलें। रोहित ने मंगलवार को मुंबई टीम के साथ अभ्यास कर के काफी दिलचस्पी जगाई, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या वह 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैचों के अगले दौर के लिए खुद को उपलब्ध रखेंगे। कोहली ने आखिरी बार रणजी ट्रॉफी 2012 में खेली थी जबकि पंत 2017-18 में पिछली बार इस प्रतियोगिता का हिस्सा बने थे। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) द्वारा अपने स्टार खिलाड़ियों को संभावितों की सूची में शामिल करना सामान्य बात है लेकिन अंतिम टीम में शामिल होना उनकी उपलब्धता पर निर्भर है। डीडीसीए के एक अधिकारी ने 'पीटीआई' से कहा, 'सत्र की शुरुआत से पहले भी वे संभावित खिलाड़ियों में थे। इस पर हालांकि अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है कि वे अगले दौर के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं।' उन्होंने कहा, ' इसके अलावा, उनके लिए अभी लाल गेंद से क्रिकेट खेलने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि भारत का अगला टेस्ट जून में ही है। यह दिल्ली की टीम के लिए अच्छा होगा लेकिन मुझे नहीं पता कि अभी खेलने से कोहली और पंत को कैसे मदद मिलेगी जब हाल में पर कोई टेस्ट मैच नहीं है।'

### भारत की नजरें आयरलैंड के खिलाफ महिला वनडे में क्लीन स्वीप करने पर

**राजकोट :** पहले दो मैचों में शानदार जीत दर्ज कर चुकी भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को तीसरे और आखिरी वनडे में उतरेगी तो उसका इरादा श्रृंखला में 'क्लीन स्वीप' करने का होगा। भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में अभी तक जबर्दस्त प्रदर्शन किया है और इस लय को कायम रखना चाहेगी। चार पारियों में तीसरा अर्धशतक जमाने वाली प्रतीका रावल की नजरें शतक जमाने पर होंगी। कप्तान स्मृति मंधाना के साथ उन्होंने हर मैच में भारत को उम्दा शुरूआत दी है। दोनों ने पिछले मैच में पहले विकेट के लिये 156 रन जोड़े जो पांच पारियों में उनकी तीसरी शतकीय साझेदारी थी। मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के बाद लगातार अच्छा फॉर्म जारी रखा है। हरलीन देयोल ने भी 89 रन की अहम पारी खेली। भारत ने पिछले मैच में पांच विकेट पर 370 रन बनाये जो उसका सर्वोच्च वनडे स्कोर है। हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी में चौथे नंबर पर उतरी जेमिमा रौड्रिग्स ने परिपक्वता दिखाते हुए 28 गेंद में अर्धशतक जमाया। रौड्रिग्स ने कहा, 'यह अतिरिक्त जिम्मेदारी थी। शुरूआत में मैने काफी संयम दिखाया जो काफी सकारात्मक था क्योंकि मेरे लिये क्रीज पर डटे रहना जरूरी था। मैं रन तो बना रही थी लेकिन क्रीज पर टिककर खेल नहीं पा रही थी। मुझे खुशी है कि आज ऐसा कर सकी।' अनुभवी बल्लेबाज तेजल हसंबिस ने भी वापसी करते हुए अर्धशतक जमाया। शेफाली वर्मा और हरमनप्रीत जैसे बिग हिटर्स की गैर मौजूदगी में प्रतीका जैसे नये खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके अपनी जगह पक्की की।

# सीडा क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन और जोशपूर्ण उत्साह




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की प्रमुख व्यापारिक संस्था, कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन (सीडा) द्वारा बहुप्रतीक्षित क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह रोमांचक टूर्नामेंट एनकेडीए स्टेडियम, राजरहाट में आयोजित हुआ, जिसमें छह प्रतिष्ठित कंपनियों की टीमों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर अध्यक्ष आलोक सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सचिव अभिषेक वर्मा, सह सचिव एवं संयोजक सामाजिक उप समिति आदित्य विक्रम मोहनका ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तापस चटर्जी विधायक राजारहाट न्यू टाउन विधानसभा केंद्र एवं रविशंकर सिंह थे। प्रतियोगिता में एसएसके, चिंट, ग्लोस्टर, जॉइंट मास्क, चार्ज और टेक्नो कमर्शियल कंपनियों ने अपने खिलाड़ियों को उतारा। प्रीति प्लास्ट टाइटल स्पॉन्सर, पीपी इलेक्ट्रो पॉवर ऑक्शन होस्ट, आरएनपी ग्रुप स्टेज लाइट्स, टेक्नो इलेक्ट्रिक कॉरपोरेशन मेन गेट और वर्ल्ड बार खखख ट्रॉफी स्पॉन्सर थे। सहयोगी संस्था सीटा के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुलकित चांदगोठीया, मानद सचिव जितेंद्र सुराणा, कोषाध्यक्ष अमित झुनझुनवाला, भूतपूर्व सचिव मनोज सिंघी, भूतपूर्व अध्यक्ष उमा कांत अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भूतपूर्व अध्यक्ष कमल चांदगोठीया, हरेंद्र मिश्रा, सतीश सिंह, आनंद चांदगोठाया, अरविंद तिवारी बाबा, सत्य प्रकाश साव भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सामाजिक उप समिति के संयोजक आदित्य विक्रम मोहनका, कार्यकारिणी सदस्य क्रमशः जे एन चटर्जी, संदीप राठी, जिनेश रामपुरीया, नवल किशोर सिंह, सुनील सिंघी, संजय सिंघी, आदित्य अग्रवाल, बृजेश लढ़ा, महेश दत्तानी समेत अन्य उपस्थित हुए। चार्ज इंडस्ट्रीज के संजय सिंघानिया, पीपी ईक्ट्रो पॉवर के ओम प्रकाश झाझरिया, जॉइंट मास्क के विदर्भ जालान, वर्ल्ड बार खखख के ऋषभ साह, टेक्नो कमर्शियल कंपनी के शिरीष झाझरिया ने भी उपस्थित रह कर अपने खिलाड़ियों का हौसला अफजायी किया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज आयुष मित्तल, बेस्ट बॉलर हर्ष नवलखा, बेस्ट बैट्समैन आयुष मित्तल, बेस्ट फील्डर विदर्भ जालान और मैक्सिमम सिक्सर नवनीत मोहता ने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया। विजेता टीम चिंट और उपविजेता चार्ज रही। कार्यक्रम की कमेंट्री मनीष चतुर्वेदी और डॉ. मुकेश सिन्हा ने की। समाजसेवी सूर्यदीप बर्मन और अन्य प्रमुख व्यक्तियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को खास बना दिया। मीडिया सेल के संयोजक अरविंद तिवारी बाबा ने यह जानकारी साझा की।



उपविजेता चार्ज



विजेता टीम चिंट

## सिंधू, सात्विक-चिराग ने इंडिया ओपन में किया जीत के साथ आगाज





**नयी दिल्ली :** पीवी सिंधू और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी को भारतीय खिलाड़ियों के लिए मिश्रित नतीजे वाले शुरुआती दिन मंगलवार को इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। दिसंबर में अपनी शादी के कारण सत्र के शुरुआती मलेशिया ओपन सुपर 1000 से चूकने के बाद सिंधू लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते दिखी। वह हालांकि दुनिया की 24वें नंबर की चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन पर 21-14, 22-20 से जीत हासिल करने में सफल रहीं। इस जीत के बाद सिंधू ने कहा, 'लंबे ब्रेक के बाद लय हासिल करना हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन मैं सीधे गेम में मैच जीतकर खुश हूं।मैं दूसरे गेम में शटल को अपने मनमुताबिक नहीं मार पा रही थी लेकिन मुझे वापसी करने का विश्वास था।' विश्व रैंकिंग में 16वें नंबर पर काबिज भारतीय खिलाड़ी का 950,000 डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापान की मनामी सुइजु से मुकाबला होगा। पुरुष युगल में खिताब के दावेदार सातवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कड़ी चुनौती से उबरते हुए विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज मलेशिया के मैन वेई चोंग और काई वुन टी की जोड़ी को 23-21, 19-21, 21-16 से हराया। शुरुआती गेम को मुश्किल से जीतने के बाद भारतीय जोड़ी ने चोंग और टी को वापसी का मौका दे दिया जिससे यह मुकाबला तीसरे सेट में चला गया। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने तीसरे गेम में 11-9 की बढ़त बनायी लेकिन मलेशिया की जोड़ी ने 16-18 के स्कोर के साथ टक्कर देना जारी रखा। भारतीय जोड़ी ने हालांकि मलेशिया के खिलाडियों की गलतियों का फायदा उठाते हुए यह गेम और मैच जीत लिया। चिराग ने कहा, 'वे हमेशा एक मजबूत टीम रहे हैं। उन्होंने काफी अच्छी तरह से बचाव किया। उन्हें चकमा देना बहुत मुश्किल था। हमें खुशी है कि हम तीसरे गेम के आखिरी क्षणों में वापसी कर सके।'



### भारतपे की आईपीओ लाने की योजना, 2024-25 में राजस्व में 30 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य

**नयी दिल्ली :** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी भारतपे के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नलिन नेगी ने कहा है कि कंपनी का राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 30 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी ने इसी वित्त वर्ष में कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) सकारात्मक होने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी का डेढ़ से दो साल में आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) लाने का विचार है। भारतपे यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक में अपनी हिस्सेदारी भी कम कर रही है और संभावित खरीदारों की तलाश के लिए रोथ्सचाइल्ड की सेवा ली है। नेगी ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि भारतपे छोटे अधिग्रहणों के लिए तैयार है। जो कंपनियां में मूल्य जोड़ती हैं, वे इसके लिए उपयुक्त होंगी।

### अदाणी समूह की सभी कंपनियों के शेयरों में तेजी, अदाणी पावर 20 प्रतिशत चढ़ा

**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह की सूचीबद्ध सभी कंपनियों के शेयरों में मंगलवार को तेजी रही। अदाणी पावर का शेयर लगभग 20 प्रतिशत उछला। सोमवार को समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट के बाद यह तेजी आई है। बीएसई में अदाणी पावर का शेयर 19.77 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी 13.22 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 12.06 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 7.12 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस 6.52 प्रतिशत और एनडीटीवी 5.63 प्रतिशत चढ़े।

# कर्मचारियो के काम के घंटों से ज्यादा उनका सशक्तीकरण महत्वपूर्ण : आईटीसी चेयरमैन पुरी



**नयी दिल्ली :** आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन संजीव पुरी ने सप्ताह में 90 घंटे काम करने के विवाद पर कहा है कि कर्मचारियों के लिए कामकाजी घंटे निर्धारित करने के बजाय उन्हें कंपनी के व्यापक दृष्टिकोण के साथ जोड़ना अधिक महत्वपूर्ण है। पुरी ने कर्मचारियों को निश्चित घंटों तक काम करने के सवाल पर कहा, 'हम ऐसा नहीं करेंगे। हम चाहते हैं कि लोग (कंपनी की) यात्रा का हिस्सा बनें और जोश से इसमें शामिल हों तथा उद्यम में बदलाव लाने की उनमें इच्छा हो...हम इसे इस तरह देखते हैं।' आईटीसी सिगरेट से लेकर उपभोक्ता वस्तुओं तक के कारोबार में है। उन्होंने कहा, 'कंपनी लचीले कामकाजी माहौल पर जोर देती है जिसमें सप्ताह में दो दिन घर से काम करना भी शामिल है।' गौरतलब है कि भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग व निर्माण कंपनी लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस. एन. सुब्रह्मण्यन के कर्मचारियों को घर पर बैठने के बजाय रविवार सहित हर सप्ताह 90 घंटे काम करने के बयान पर जारी विवाद को लेकर पुरी ने यह टिप्पणी की है। सुब्रह्मण्यन एक वीडियो में कर्मचारियों के साथ बातचीत में कहते दिखे थे 'मुझे खेद है कि मैं आप लोगों से रविवार को काम नहीं करा सकता। आप घर बैठकर क्या करेंगे? आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक निहार सकते हैं और आपकी पत्नी कितनी देर तक आपको देख सकती है?' इस वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद निजी जिंदगी और काम के बीच संतुलन को लेकर बहस छिड़ गई है। पुरी ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में कहा, 'मैं जानता हूं कि उन पर (सुब्रमण्यन पर) काफी बहस हो चुकी है, लेकिन मैं आपको बता दूं कि इसको देखने का आपका क्या नजरिया है।' इसके बाद उन्होंने बताया कि कंपनी के दृष्टिकोण और लक्ष्य के अनुरूप कर्मचारियों को सशक्त बनाना कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'अगर आप ईंट लगाने वाले किसी राजमिस्त्री से पूछें, तो (वह कहेगा) मैं ईंट लगा रहा हूं। कोई कह सकता है कि मैं दीवार बना रहा हूं। कोई कह सकता है कि मैं इस पूरे दल का हिस्सा हूं जो यहां महल बना रहा है और जो व्यक्ति कहता है कि मैं महल बना रहा हूं उसका नजरिया एकदम अलग है।'

### भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर : आईटीसी प्रमुख पुरी

**नयी दिल्ली :** आईटीसी के चेयरमैन संजीव पुरी ने कहा है कि पिछले दशक के परिवर्तनकारी सुधारों ने भारत को वैश्विक मंच पर पहुंचा दिया है और यह भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है। इसके साथ ही पुरी ने भरोसा जताया मजबूत वृहद बुनियादी ढांचे और उद्देश्यपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप के दम पर देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। भारत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे ऐतिहासिक सुधारों तथा बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जबकि 2014 में यह दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। पुरी ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में कहा, 'नई विश्व व्यवस्था (जो भू-अर्थशास्त्र और भू-राजनीति पर नई नीतियों की विशेषता पर केंद्रित है) में मेरा मानना है कि विश्व, आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती की ओर देख रहा है।'

## भारत में पांच साल में हल्दी उत्पादन को दोगुना कर 20 लाख टन तक पहुंचाने की क्षमता : गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड निर्यात को बढ़ावा देने और अगले पांच साल में उत्पादन को दोगुना करके लगभग 20 लाख टन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करने में मदद करेगा। बोर्ड का उद्घाटन करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि यह नए उत्पादों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देगा और मूल्यवर्धित हल्दी उत्पादों के लिए देश के पारंपरिक ज्ञान को और विकसित करेगा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, 'हल्दी को स्वर्णिम मसाला भी कहा जाता है। भारत वैश्विक हल्दी उत्पादन का 70 प्रतिशत उत्पादन करता है... हम पांच साल में उत्पादन को दोगुना करके 20 लाख टन तक पहुंचाने का लक्ष्य कर रहे हैं।' सरकार ने अक्टूबर में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को अधिसूचित किया था। बोर्ड की स्थापना की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह हल्दी उत्पादन में नवाचार, वैश्विक प्रचार और मूल्यवर्धन के बेहतर अवसर सुनिश्चित करेगा। गोयल द्वारा 'एक्स' पर एक पोस्ट का जवाब देते हुए, मोदी ने कहा, 'राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना विशेष रूप से भारत भर में हमारे मेहनती हल्दी किसानों के लिए बहुत खुशी की बात है। यह हल्दी उत्पादन में नवाचार, वैश्विक प्रचार और मूल्य संवर्धन के बेहतर अवसर सुनिश्चित करेगा।

## खुदरा महंगाई में नरमी से शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 170 अंक चढ़ा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 170 अंक के लाभ में रहा। खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी और वैश्विक बाजारों में तेजी से घरेलू बाजार पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा। इसके अलावा ऊर्जा, बैंक तथा धातु शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला। कारोबारियों के अनुसार, हालांकि निवेशकों की लगातार बिकवाली और कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजार पर दबाव बना और इसका लाभ सीमित रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 169.62 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,499.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 505.6 अंक तक चढ़ गया था। बीएसई में 2,867 शेयर लाभ में, जबकि 1,096 शेयर नुकसान में रहे। 110 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 90.10 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,176.05 अंक पर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स इससे पिछले चार कारोबारी सत्रों में 1,869.1 अंक यानी 2.39 प्रतिशत नीचे आया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक बाजार में तेजी और घरेलू स्तर पर खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी का बाजार पर सकारात्मक प्रभाव रहा। इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लिए अगली मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में कटौती को लेकर गुंजाइश बढ़ेगी। हालांकि, कच्चे तेल के दाम में तेजी तथा 10 साल के बॉन्ड पर ऊंचे प्रतिफल पर नजर होगी।' उन्होंने कहा, 'चौथी तिमाही के लिए कमजोर आय अनुमान को लेकर चिंता के बीच आईटी शेयरों में गिरावट आई। घरेलू धारणा कंपनियों के दिसंबर तिमाही के परिणाम और आगामी केंद्रीय बजट से प्रभावित होगी, जिसको लेकर मिला-जुला रुख है।' सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स में पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। इसके अलावा एनटीपीसी, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, जोमैटो, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक और मारुति के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं।

### भारतीय कर्मचारियों का वेतन इस साल 9.4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

**मुंबई :** भारतीय कर्मचारी इस साल विभिन्न उद्योगों में औसतन 9.4 प्रतिशत वेतन वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं। यह मजबूत आर्थिक वृद्धि और कुशल प्रतिभाओं की बढ़ती मांग का संकेत है। मानव संसाधन परामर्श कंपनी मर्सर के कुल पारिश्रमिक सर्वेक्षण (टीआरएस) के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में कर्मचारियों के वेतन में लगातार वृद्धि हुई है। वेतन वृद्धि 2020 के आठ प्रतिशत से 2025 में बढ़कर 9.4 प्रतिशत होने का अनुमान है। सर्वेक्षण में भारत की प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता वस्तुओं, वित्तीय सेवाओं, विनिर्माण, मोटर वाहन, इंजीनियरिंग आदि क्षेत्र की 1,550 से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया। मोटर वाहन क्षेत्र में कर्मचारियों का वेतन 10 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। पिछले साल यह 8.8 प्रतिशत रहा था। यह इलेक्ट्रिक वाहनों में वृद्धि तथा सरकार के नेतृत्व में 'मेक इन इंडिया' पहल के कारण संभव हो पाया है। विनिर्माण व इंजीनियरिंग क्षेत्र में वेतन वृद्धि आठ से बढ़कर 9.7 प्रतिशत होने का अनुमान है, जो विनिर्माण परिवेश में पुनरुत्थान को दर्शाता है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4120 अंक 270, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in